RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 228

हिसार | वीरवार, 16 नवम्बर, 2023

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रूपए |पृष्ठ ६

## शादियों के सीजन की शुरुआत से पहले सोने के दाम में देखने को मिली बढ़ोतरी

**पाठकपक्ष न्यूज, नई दिल्ली, 16 नवम्बर :** पूरे भारत में फेस्टिव सीजन की शुरुआत के साथ ही शादियों के सीजन की शुरुआत भी हो गई है। भारत में शादियों के सीजन में लोग जमकर ज्वेलरी की शॉपिंग करते हैं। इस दौरान सोनी और चांदी के गहनों की खास तौर से खरीदी की जाती है। गोल्ड और सिल्वर की ज्वेलरी खरीदने के संबंध में अगर आप भी सोच रहे हैं तो सोना आज बढ़त पर है जबकि चांदी में गिरावट देखने को मिली है। यानी सोना खरीदने के लिए अधिक पैसे चुकाने पड़ेंगे। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज जाने वायदा बाजार में सोना 60,148 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला है। इसकी कुछ ही देर बाद यह 64 रुपए बढ़कर 60,175 रुपए पर पहुंच गया।




## सरसोद में खुला हरियाणा का सबसे बड़ा लाडो पुस्तकालय

### हिमाचल प्रदेश की रिशिधा कटना ने किया उद्घाटन, क्वालिटी काउंसिल ऑफ़ इंडिया भारत सरकार की टीम भी पहुँची लाडो पुस्तकालय के उद्घाटन पर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** आज को हिसार जिले के बीबीपुर मॉडल गॉव सरसोद में हरियाणा का पहला सबसे बड़ा एवं अत्याधुनिक लाडो पुस्तकालय खोला गया। इस पुस्तकालय का उद्घाटन लाडो हिमाचल प्रदेश की आर्टिस्ट एवं मॉडल रिशिधा कटना ने किया। इसके लिए बहुत बड़े स्तर पर उद्घाटन समारोह भी ग्राम पंचायत सरसोद द्वारा रखा गया। इसका शुभारंभ कराने के लिए ड्रा निकाले गए, जिसमें से मुख्य अतिथि के नाम चुना गया । इसमें 500 से अधिक बेटियों के नाम देश भर से शामिल किए गए थे। बीबीपुर मॉडल के संयोजक प्रोफेसर सुनील जागलान ने बताया कि इस पुस्तकालय को सफल मॉडल बनाएंगे और दूसरे गांवों की लडकीयाँ भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेगी । मैने वर्ष 2013 में पहला लाडो पुस्तकालय गॉव बीबीपुर में तैयार किया था और





अब तक 142 गॉवों में यह पुस्तकालय बनवाने में भूमिका निभा चुके हैं । भारत सरकार को भी इस मॉडल को अडोप्ट कर देश भर के गॉवों में लागू करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्वालिटी काउंसिल ऑफ़ इंडिया की ट्विंकल ने कहा कि ने कहा कि सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के बीबीपुर मॉडल की सरसोद ग्राम पंचायत में जो हरियाणा का पहला लाडो पुस्तकालय बनाया है यह एक मॉडल लाइब्रेरी है। यह सभी गांवों में बनने चाहिए। यह लडकीयों के लिए क्रांतिकारी कदम है। सरपंच सुनीता भ्याण ने कहा कि सरपंच बनने के कारण सिर्फ इस गांव का विकास करना है और बीबीपुर मॉडल द्वारा गांव का संपूर्ण विकास करवा रहे हैं। लाडो पुस्तकालय से गॉव में लडकीयों व महिलाओं के लिए बेहतरी के दरवाज़े खोलेगा। लाडो पुस्तकालय का उद्घाटन करने वाली रिशिधा ने कहा कि यह सही में बेटी पढ़ाओ को फलीभूत करेगा। लाडो पुस्तकालय में लैपटॉप सभी तरह की प्रतियोगी किताबें रखी गई हैं। इसमें एसएससी, एचटेट, सीटेट, बैंक पीओ, महिला पुलिस कांस्टेबल, नेट, यूजीसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की किताबें उपलब्ध कराई गई हैं। समाजसेवी प्रदीप भ्याण ने कहा कि हम सब महिला सशक्तिकरण के द्वारा ग्रामीण विकास के मॉडल पर काम करके गॉव को आगे बढाऐगे। कार्यक्रम के संयोजक सुनील जागलान ने बताया कि महिला सशक्तिकरण माध्यम से ग्रामीण विकास का मेरा सपना लाडो पुस्तकालय पूरा करेगा।

**कंप्यूटर और सीसीटीवी की भी सुविधा है**

कंप्यूटर और वाईफाई की सुविधा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबों के अलावा ऑनलाइन भी जानकारी हासिल कर सकेंगी। लाडो पुस्कालय में 300 लड़कियों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

## राष्ट्रीय सनातन महासंघ का युवा सम्मेलन 3 दिसंबर को हिसार में : हरीश वर्मा

### महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज के सानिध्य निगम मेयर गौतम सरदाना की अध्यक्षता में होगा सम्मेलन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** राष्ट्रीय सनातन महासंघ के तत्वावधान में व महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी श्री धर्मदेव महाराज के पावन सानिध्य में सर्व समाज के ऊर्जावान देश प्रेमियों का युवा सम्मेलन 3 दिसंबर को जीजेयू के ऑडिटोरियम में होगा। युवा सम्मेलन के संयोजक हरीश वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सनातन महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज के सानिध्यमें सर्व समाज के युवा सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर बतौर मुख्य अतिथि होंगे जबकि सम्मेलन की अध्यक्षता नगर निगम हिसार के महापौर गौतम सरदाना करेंगे। हरीश वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सनातन महासंघ के पांच मुख्य उद्देश्य हैं जिनमें देश भक्ति, नशा मुक्ति, मातृ-पितृ वंदन, जरूरतमंदों की सेवा व दृढ़ अनुशासन शामिल हैं। युवा वर्ग को राष्ट्रीय सनातन महासंघ से जोड़ा जाएगा और देश व समाज की सेवा में संगठन अपना पूर्ण योगदान देगा। संगठन के माध्यम से नशे आदि से दूर रहकर महासंघ से जुड़ने के लिए देश व समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बातया कि इस सम्मेलन में 36 बिरादरी के युवा भाग लेंगे।

## पाकिस्तानी तस्करों ने पंजाब में फिर गिराई ड्रोन से हेरोइन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 16 नवम्बर :** पाकिस्तान में सक्रिय तस्कर गिरोह पंजाब में ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सीमा पार से तस्करों ने बुधवार को भी ड्रोन से हेरोइन का पैकेट अमृतसर से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा के एक गांव में गिरा दिया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने हेरोइन का पैकेट बंधा ड्रोन सीमावर्ती गांव रोरनवाला खुर्द में एक खेत से बरामद किया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने यहां बताया कि बुधवार सुबह करीब आठ बजे लोकल एरिया डोमिनेशन गश्त के दौरान सीमा प्रहरियों ने गांव के खेत में कुछ संदिग्ध सामग्री पड़ी देखी। पास जाने पर पाया कि यह एक ड्रोन है और इस पर पीले रंग की एडहेसिव टेप से एक पैकेट बंधा है। सीमा प्रहरियों ने ड्रोन व पैकेट बरामद कर तलाशी ली तो पैकेट में लगभग 500 ग्राम मादक पदार्थ पाउडर भरा मिला। यह मादक पदार्थ हेरोइन बताया जा रहा है। खेत से बरामद हुआ ड्रोन चीन निर्मित क्वाडकॉप्टर है। इसकी फोरेंसिक जांच से ड्रोन का उड़ान डाटा जुटाया जाएगा।

## विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला तो अब पूरे बिहार में होगा आंदोलन : सीएम नीतीश

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 16 नवम्बर :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर बिहार को विशेष राज्य के दर्जा की मांग उठाई है। नीतीश कुमार ने इस बार भी केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अपनी हठधर्मिता छोड़े और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे। बिहार सीएम ने गुरुवार को ऐलान किया है कि वे विशेष राज्य के दर्ज की मांग को लेकर अभियान शुरू करने जा रहे है। गांव-गांव जाकर यह डिमांड किया जाएगा कि विशेष राज्य का दर्जा दो। नीतीश कुमार के इस बयान से मोदी सरकारी परेशानी बढ़ने वाली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित जनता दल भी काफी लंबे समय से मांग रही है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए।

## ट्रैक्टर और आई20 की गाड़ी टक्कर, दो बुजुर्ग व्यक्ति घायल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** सिरसा बाईपास पर टीटीसी के पास ट्रैक्टर और आई20 की गाड़ी टक्कर हो गई। जिसमे कार सवार करीब 60 वर्षीय दो बुजुर्ग घायल हो गए। जिनको नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है घायलों का नाम रणधीर और जंग बहादुर है जो दुर्जनपुर के रहने वाले हैं वह किसी काम से आई20 गाड़ी हिसार आ रहे थे। घायल रणधीर ने बताया कि वह दुर्जनपुर गांव से घर का सामान लेने के लिए परिवार के सदस्य जंग बहादुर के साथ हिसार आ रहे थे। जब टीटीसी के पास पहुंचे तो हिसार की तरफ से आ रहे कूड़े से भरे ट्रैक्टर ट्राली फुटपाथ को क्रॉस करते हुए उनकी गाड़ी के सामने आ गया, जिससे आमने-सामने की टक्कर हो गई। घायल जंग बहादुर ने बताया कि अचानक सामने ट्रैक्टर आने से कार और ट्रैक्टर की भिड़ंत हो गई। जोरदार टक्कर लगने से गाड़ी के दो एयरबैग खुल गई जिससे उनकी जान बच पाई। फिलहाल घायल रणधीर और जंग बहादुर के हाथ पर हल्की चोट आई है, जिन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं ट्रैक्टर ट्राली कचरे से भरा हुआ था। बताया जा रहा है ट्रैक्टर कचरे को ढढूंर गांव के पास कचरा प्रोसेसिंग प्लांट में डालने जा रहा था। घायल जंग बहादुर ने बताया कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गय।



## सब इंस्पेक्टर ने नहर में डूब रही महिला को बचाया

### दीपावली की हवन सामग्री नहर में प्रवाहित करने आई थी महिला, अचानक पांव फिसला

**कांग्रेसी नेता तेलूराम जांगड़ा ने की सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार को सम्मानित करने की मांग**





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 16 नवम्बर :** सब इंस्पेक्टर ने एक बुजुर्ग महिला को नहर में डूबने से बचा लिया। वीरवार सुबह 10 बजे के करीब मोची मोहल्ला निवासी 75 वर्षीय बुर्जुग महिला दीपावली की हवन सामग्री को तोशाम रोड पर स्थित सिवानी फीडर नहर में प्रवाह करने के लिए आई थीं। उस दौरान बुर्जुग महिला बिमला का अचानक पांव फिसल गया, जिस कारण वह नहर में गिर गई। जैसे ही महिला ने बचाओ, बचाओ की आवाज लगाई। हांसी पुलिस द्वारा नहर पुल पर ही नाका लगाया हुआ था। जैसे ही महिला के नहर में गिरने की सूचना ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार को लगी तो उन्होंने अपनी वर्दी उतार कर नहर में छलांग लगा दी और बड़ी मुश्किल से महिला को नहर से बारह निकाला। मौके पर मौजूद कांग्रेस पार्टी के नेता तेलु राम जांगड़ा ने कहा कि सब इंस्पेक्टर मनोज का सराहनीय कार्य किया है। जांगडा ने बताया कि अगर मनोज कुमार नहर में छलांग नहीं लगाता तो बुर्जुग महिला डूब जाती। उन्होंने सरकार व पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित करें ताकि अन्य पुलिस कर्मचारी व अधिकारी भी ऐसे कार्य में आगे आए।












# सम्पादकीय..........

## श्वान के काटने पर देना होगा मुआवजा

'श्वान काटे तो हर दांत के निशान के हिसाब से देना होगा मुआवजा।' पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का यह फैसला उन लोगों के लिए राहत भरा साबित होगा जो श्वान के काटने से आर्थिक और मानसिक पीड़ा का दंश झेलने को मजबूर होते हैं। देश की अदालतें आए दिन जनहित में इस तरह के फैसले सुनाती रहती हैं। विडंबना यह है कि कुछ फैसलों पर अमल होता है और कुछ पर नहीं। आश्चर्य इस बात का है कि श्वान के काटने पर मुआवजा पाने के लिए भी पीड़ित को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अहम सवाल यह है कि नगरीय निकायों की लापरवाही से जुड़े इस तरह के मामले में भी मुआवजे के लिए पीड़ित को भटकने के लिए मजबूर क्यों किया गया? यह कोई अकेला प्रकरण नहीं है। मुआवजे के दूसरे कई मामलों में भी पीड़ित को राहत अदालत के निर्देश पर ही मिल पाती है। इसकी वजह यह है कि मुआवजे को लेकर देश में आज भी कोई स्पष्ट नीति या नियम नहीं है। इसलिए सवाल यह भी उठता है कि क्या अदालत का कोई फैसला आने से पहले ही सरकार ऐसे पीड़ितों को मुआवजा देने के नियम तय नहीं कर सकती? पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला भारत के संदर्भ में और महत्त्वपूर्ण हो जाता है। हालत यह है कि देश में हर दिन लगभग 10 हजार लोग श्वानों के काटने से जख्मी हो जाते हैं। देश में हर साल 20 हजार से अधिक इसके कारण मौत के मुंह में चले जाते हैं। श्वान के काटने से दुनिया भर में सर्वाधिक मौतें भी भारत में ही होती हैं। ऐसे में श्वान के काटने पर मुआवजे की साफ नीति की जरूरत है। अहम सवाल यह भी है कि आखिर श्वान के काटने के सर्वाधिक मामले भारत में ही क्यों होते हैं? देश के शहरों, कस्बों ही नहीं गांवों से भी श्वान के काटने की खबरें आती रहती हैं। इस तरह के मामलों में मौत के मामले भी कई बार सुर्खियां बनते हैं। स्थानीय निकायों और पंचायतों की जिम्मेदारी है कि वे आवारा घूमने वाले श्वानों पर नियंत्रण रखें। अनेक शहरों में स्थानीय प्रशासन की तरफ से श्वानों पर नियंत्रण के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। केंद्र सरकार की तरफ से भी इसी साल एक अभियान चलाया गया था, लेकिन देखा गया है कि ऐसे अभियान रस्म अदायगी से आगे नहीं बढ़ पाते। आज जरूरत इस तरह के अभियान चलाने की जगह समस्या की जड़ में जाकर इसका स्थाई समाधान निकालने की है। श्वान के काटने पर राष्ट्रीय स्तर पर एक मुआवजा नीति भी बने। नीति सभी राज्यों से विचार-विमर्श करके बने। इससे अदालतों पर मुकदमों के अनावश्यक भार को भी कम किया जा सकता है।

# जीवन में मानसिक शांति और विश्राम का यह है सफल मंत्र, स्वयं से होंगे मुक्त

**अध्यात्म**

आजकल हम में से ज्यादातर लोग अपनी परफॉर्मेंस को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं- बड़े हों या छोटे बच्चे, सब को यही चिंता सताती रहती है कि वह कैसे अपने काम को सर्वश्रेष्ठ तरीके से पूरा करें। यह डर भी हावी रहता है कि उनके काम को किस तरह लिया जाएगा- पसंद किया जाएगा या फिर नापसंद? हमारे हर कार्य पर हारने का डर मंडराता रहता है। हम सभी सर्वश्रेष्ठ बनना चाहते हैं, पहचान चाहते हैं। लेकिन हम निराशाओं और विफलताओं का सामना करने से डरते हैं।

भगवद्गीता, अध्याय 5 श्लोक 12 में भगवान कृष्ण कहते हैं, **'युक्तः कर्मफलं त्यक्तवा शांतिमाप्नोति नैष्ठिकीम्। अयुक्तः कामकारेण फले सक्तो निबध्यते।'** भगवान कृष्ण हमें अपने सभी कार्यों को उनके चरणों में अर्पित करने और अपनी अपेक्षाओं को त्यागने की सलाह देते हैं। उनका कहना है कि एक सच्चा योगी फल की इच्छा के बिना अपने कार्य करता है। उसे अपनी क्षमता पर भरोसा है।

जानवरों को काम करते देखना दिलचस्प है। उदाहरण के लिए एक ऊदबिलाव नदियों के पास मिट्टी का बांध बनाने के मामले में एक शानदार इंजिनियर है। एक गिलहरी की प्रवृत्ति केवल दाने ढूंढते रहने की होती है, जिन्हें वह बारिश या सर्दियों के दिन के लिए जमीन में छिपा देती है। भले ही बाद में भूल जाती है कि दाने छुपाए कहां थे। पर ऐसा करके वह हमारे समृद्ध वनों की उत्तम बागवान बन ही जाती है। ज्यादातर जीव-जंतु कुदरत के प्रति सच्चे होते हैं और वे सहज रूप से अपने स्वभाव का पालन करते हैं। इस तरह वे कर्मयोगियों के आदर्श उदाहरण हैं।

जब हम ऐसा असंतुलित जीवन जीते हैं, जिसमें आध्यात्मिक अनुशासन का कोई स्थान नहीं होता है, तो हम अपनी अहंकारिक जरूरतों पर कार्य करते हैं। परिणामों के उद्देश्य से किए गए हमारे कार्य केवल चिंता को आमंत्रित करते हैं जो द्वैत से उत्पन्न होती है। फिर संघर्ष बढ़ जाता है। भगवान कृष्ण कहते हैं कि यह स्थिति हमें लालसाओं के जाल में और उलझा देती है।

तो हम अपने जीवन में शांति को कैसे आमंत्रित करें? इसके लिए जरूरी है कि अपने काम के परिणामों को अनुग्रह के साथ स्वीकार करने के लिए एक दृष्टिकोण विकसित करें। कार्रवाई पर ध्यान दें और परिणामों के लिए खुले रहें। आपकी अधिकांश गतिविधियां दूसरों पर भी निर्भर हैं, इसलिए परिणाम हमारे हाथ में नहीं होता है। आप केवल वही कर सकते हैं जो आपके दायरे में है। अपने दायरे को समझें और अपने हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ दें। परिणाम प्रकृति और इस ब्रह्मांड के हाथों में है। बस अपने काम पर ध्यान दें और उसे करने में मजा लें। कोई काम छोटा-बड़ा नहीं होता, काम तो बस काम होता है। यहां तक कि अपने आसपास के लोगों के साथ आपका जुड़ाव भी सिर्फ एक काम है। आस-पास के लोगों के स्वभाव के अनुसार खुद को अडजस्ट करें। अच्छे कर्म करते रहें, बाकी बातें स्वाभाविक रूप से होने लगेंगी।

चाहे हम हारें या जीतें, हमें हर हाल में एक मूल्यवान सबक हासिल होता है। ऐसा करते हुए हम इस भय से स्वयं को मुक्त कर लेते हैं कि हमारे काम का परिणाम क्या होगा, क्योंकि हम जो कुछ भी करते हैं, वह हमारे माध्यम से ईश्वर के कार्य की अभिव्यक्ति है। परिणाम अब मायने नहीं रखता, शुद्ध भावनाएं मायने रखती हैं और इस स्थिति में ही स्वतंत्रता और समर्पण का भाव उत्पन्न होता है। जब हम यह महसूस करने लगते हैं कि ईश्वर निर्भयता और सद्भाव का भंडार है, तो हम उसमें शांति और विश्राम खोजने लगते हैं!

# सुण मौल्लड़ की



दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी पर 897 करोड़ का घपला करने का आरोप

यो एकले का तो काम कोन्या, नेता बी पकड़े जाने चाहिए।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** सामाजिक कार्यों में शामिल होंगे। जरूरतमंदों की सहायता करेंगे। उच्चवर्गीय लोगों का साथ प्राप्त होगा।

**वृषभ :** किसी बात को लेकर प्रियजनों से कहासुनी हो सकती है। तनाव रहने से मन खिन्न रहेगा। हो सके तो यात्रा को टाल दें। काली माता की पूजा करें।

**मिथुन :** जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता रहेगी। कारोबारी यात्रा से लाभ होगा। नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।

**सिंह :** योग्यता के बल पर सफलता हासिल करेंगे। नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी। बौद्धिक कार्य से जुड़े लोग सम्मान प्राप्त करेंगे।

**कन्या :** हृदय रोगी विशेष सावधानी रखें। धोखा होने की संभावना। तनाव की स्थिति में फैसला लेना मुश्किल होगा। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**तुला :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी व बच्चों का सहयोग प्राप्त होगा। योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है।

**वृश्चिक :** अप्रत्याशित रूप से धन लाभ होगा। बातचीत में नरमी बरतें। पड़ोसियों के साथ कहासुनी हो सकती है।

**धनु :** अनुभवी लोगों का साथ प्राप्त होगा। राह में आ रही मुश्किलें सूझ-बूझ से हल करेंगे। भावनात्मक संबंधों में चल रहा मतभेद दूर होगा।

**मकर :** मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। व्यर्थ के कार्यों में समय व धन खर्च होगा। किसी बहुमूल्य वस्तु की खरीददारी न करें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कुंभ :** लम्बे समय से चले आ रहे अधूरे कार्य पूरे होंगे। लेखन के कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा। मूड़ रोमांटिक बना रहेगा।

**मीन :** भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। कैरियर में बेहतर सफलता मिलेगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 16 नवम्बर :** श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भगत सिंह रोड, हांसी में 'बाल दिवस' बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसके दौरान अनेक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। प्रातः कालीन सभा में 11वीं कक्षा की छात्रा पायल ने अपने भाषण के माध्यम से नेहरू जी के जीवन व उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। छोटे बच्चों ने अपनी मोहक कविताओं से सबको भाव विभोर कर दिया। पहली से बारहवीं तक के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती रेणु बंसल ने सभी बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि नेहरू जी आधुनिक भारत के निर्माता तथा बहू आयामी व्यक्तित्व के धनी थे। बच्चों के प्रति उनके प्रेम के कारण ही वे बच्चों के बीच चाचा नेहरू के रूप में पहचाने जाते हैं। चाचा नेहरू चाहते थे कि बच्चों को अच्छी से अच्छी परवरिश और प्रेम मिलना चाहिए क्योंकि बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं। बाल दिवस मनाए जाने के पीछे का उद्देश्य देश में भविष्य के निर्माण में बच्चों के महत्व को बताना है। विद्यालय अध्यक्ष श्री प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक श्री सज्जन कुमार अग्रवाल, उप प्रबंधक श्री रजत कुमार अग्रवाल ने सभी बच्चों में समस्त विद्यालय स्टाफ को 'बाल दिवस' की शुभकामनाएं देते हुए सभी को नेहरू जी के जीवन आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# सबको उनके हिस्से की रोशनी और धूप मयस्सर हो, ऐसे हमारे प्रयास होने चाहिए!

-पाठकपक्ष डेस्क-



बचपन से ही हमें जीवन में अनुशासन का महत्व बताया गया, अक्सर अध्यापक हमें विधार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व पर निबंध लिखने के लिए देते थे। घर में भी अनुशासन सिखाते थे पर अलग तरह से जैसे कि 'कायदे में ही फायदा है' कायदे से चलोगे तो जीवन में सुख पाओगे,घर परिवार और बड़ों की मान मर्यादा का ख्याल रखना आदि आदि। लेकिन ऐसा क्या है कि जो मनुष्य को अनुशासन में बंधने से रोकता है, सब को पता है कि नियम और कानून हमारे लिए बनाए गए, अगर हम ही इन को निभाएंगे नहीं तो कैसे चलेगा? मां बाप अक्सर यह शिकायत करते देखे जा सकते हैं कि बच्चे कहना नहीं मानते, मनमानी करते हैं, अपनी मनमर्जी करते हैं, दरअसल उन्हें कायदे में कोई फायदा नजर नहीं आता, उन्हें अनुशासन, नियंत्रण और बंधन की तरह प्रतीत होता है। कहते हैं कि काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार इन सब पांच विकारों को तो बुरा मानते हैं और पाप की श्रेणी में रखते हैं, पर आलस्य और अलबेलापन जो कि बाकी सब विकारों की जड़ है,इस छट्टे विकार को हम अपना मित्र बना लेते हैं और सब चलता है, कह कर इसे अपने अंदर घुसने देते हैं। बस यही कारण है कि अनुशासन में रहना, मर्यादा में रहना, कायदे अनुसार चलना हमें अच्छा नहीं लगता। इस आलस्य और अलबेलेपन से ही उदासी आती है और हम अपने जीवन में कार्यों और आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दूसरों पर निर्भर हो जाते हैं। फिर जब हम दूसरों के हिस्से की रोशनी और दूसरों के हिस्से की धूप उनसे छीनने लगते हैं तो वहीं से सारे लड़ाई झगडे शुरू हो जाते हैं। सम्राट सिकंदर के जीवन का एक प्रसंग है।यूनान के प्रसिद्ध संत और फकीर डायोजिनीज अक्सर सिकंदर को उनकी विश्व विजेता बनने की महत्वाकांक्षा का विरोध करते थे और उन्हें समझाते थे कि ये युद्ध और ये रक्तपात करके जीवन में सच्चा सुख और शांति नहीं प्राप्त हो सकती। विश्व विजय के बाद जब वो उनसे मिलने जाते हैं तो डायोजिनीज उन्हें सिद्ध करके बताते हैं कि उनकी नजरों में उसके पूरे साम्राज्य का कोई मूल्य नहीं। सिकंदर उनकी बातों से प्रभावित होकर उनसे कहता है कि 'मैं आपको कुछ देना चाहता हूं।' डायोजिनीज ने कहा, 'मेरी कोई मांग या चाह नहीं है।' सिकंदर फिर से आग्रह करता है कि 'मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूं' अब वो फकीर डायोजिनीज उनसे कहते हैं, 'बस तुम ज़रा हट कर खड़े हो जाओ, क्योंकि तुमने मेरे ऊपर पड़ने वाली सूर्य की धूप को रोक रखा है... याद रखना, जिंदगी में किसी की धूप रोक कर मत खड़े होना' मतलब एक अदने से व्यक्ति जिसके पास कुछ भी नहीं था उसने सम्राट को उसकी जगह बता दी।

-डॉ. कमलेश कली

# कर्म का मर्म

## छोटा सा ज्ञान बदल देगा जिंदगी

पंडित गोपाल दास वरैया धर्म और दर्शन के उच्चकोटि के शिक्षाविद और विद्वान हुए हैं। उनका जन्म 1866 में आगरा में लाला लक्ष्मणदास जैन के घर हुआ था। उन्होंने जैन धर्म के विभिन्न पहलुओं के अध्ययन को बड़े पैमाने पर लोकप्रिय बनाने के लिए भारतवर्षीय दिगंबर जैन परीक्षा बोर्ड की स्थापना की। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुरैना में संस्कृत महाविद्यालय भी स्थापित किया और आजीवन उसके प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहे। वह निर्धन और असहाय छात्रों की आर्थिक सहायता भी करते थे। सिद्धांत दर्पण, धर्म प्रवेशिका और सुशीला उपन्यास उनकी अमर कृतियां हैं। ईमानदारी और सचाई उनमें कूट-कूट कर भरी थी। घटना उस समय की है जब वह एक बार पत्नी और बच्चों के साथ मुरैना से बंबई रेल से जा रहे थे। सफर के दौरान बातों ही बातों में पत्नी से पंडितजी को पता चला कि उनके एक बच्चे की उम्र तीन वर्ष हो चुकी है। पंडित जी चौंक उठे क्योंकि उस बच्चे का टिकट नहीं लिया गया था। वह सोच में पड़ गए कि यह तो सरकार के साथ सरासर बेईमानी है। लेकिन चलती ट्रेन में क्या हो सकता था। खैर वह बंबई पहुंचे तो सीधे स्टेशन मास्टर के पास गए और सारी बात बताकर जुर्माने के साथ टिकट का पैसा उनके सामने रख दिया। साथ ही माफी भी मांगी कि भूलवश ऐसा हुआ है।



स्टेशन मास्टर विस्मय से उनका मुंह देखता रह गया। उसने कहा, 'पंडित जी, चार-पांच वर्ष तक के बच्चों पर तो हमलोग ध्यान ही नहीं देते हैं। आप ऐसे पहले व्यक्ति हैं जो बच्चे के टिकट का दाम देने आए हैं।' पंडितजी का मानना था, 'धर्म मंदिरों में ही नहीं, जीवन की हर क्रिया-कलाप में घटित होना चाहिए।' उन्होंने 1915 में धर्मध्यान पूर्वक अपने शरीर का त्याग किया। मुरैना का संस्कृत महाविद्यालय आज भी उनकी गौरव गाथा सुना रहा है।

# विजन इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा एलडीएसडी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 16 नवम्बर :** विजन इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा स्थानीय एलडीएसडी पब्लिक स्कूल शाखा पीसीएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसी में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन, सुलेख लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें पीहू, हिमानी, कृतिका, वंशिका, रिया, निर्मल, दीपिका, पलक, कीर्ति गोयल व भारती ने प्रथम स्थान। दृष्टि, काव्य, लक्ष्मी, यशिका, हर्षिता, यज्ञ, यशिका सैनी, रोहन, प्रिंस यादव व खुशी ने द्वितीय स्थान और नक्श, कामाक्षी, सत्यम, मुकेश, यश, कार्तिक सैनी, प्रीति शर्मा, अंशिका, संजय, प्राची शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल कर। विद्यालय का नाम रोशन किया। इस पर विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सचिव में प्रसिद्ध समाजसेवी श्री ओम कुमार गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया तथा इसी प्रकार आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विजन इंटरनेशनल फाउंडेशन के प्रधान विजय गुप्ता नहीं बच्चों को शिक्षा के हर मोड़ पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इनके साथ दीपेंद्र अग्रवाल, तरुण बंसल, व शिवम गर्ग आदि ने अपनी उपस्थिति से बच्चों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय डायरेक्टर श्रीमती गुंजन गोयल ने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा दिवस की संपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा न केवल किसी भी इंसान की मानसिक शक्ति बढ़ाता है अपितु यह एक व्यक्ति की संपूर्ण जीवन शैली का आधार है। विद्यालय उप प्रधानाचार्या कुमारी तानिया सोनी ने शिक्षा दिवस पर बताया कि शिक्षा स्वतंत्रता के सुनहरी दरवाजे खोलने की चाबी है। विद्यालय मुख्य अध्यापिका श्रीमती मंजू रानी ने सभी को शिक्षा दिवस की शुभकामनाएं दी।




**Name Change**

I, Nisha Chawla W/o Sh. Parmod Kataria S/o Sh. Shiv Dayal R/o H. No. 345, Sector 14, Hisar, Teh. & Distt. Hisar, Haryana, India declare that in birth certificate of my son Pranshu Kataria my name is mentioned as Nisha Kataria but in my all documents as Nisha Chawla. Nisha Chawla and Nisha Kataria both are one and same person.

- Deponent

**बेदखली सूचना**

मैं, उमेद सिंह पुत्र श्री अमरचंद, निवासी गांव श्याम सुख, जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र राजेश व उसकी धर्मपत्नी सोनी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार

DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान
• शुगर • पाचन रोग • थाईराईड
• मोटापा • पुरूषत्व रोग • घुटनों का दर्द
• बी.पी. • सांस की एलर्जी • नसों की ब्लोकेज
• कॉलस्ट्रोल • नशे की आदत • बवासीर
• जोड़ों का दर्द • लीवर व किडनी रोग • न्यूरो रोग
• स्त्री रोग • हृदय रोग
• चमड़ी रोग • एड्स



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहामस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम
muse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road,
Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# राजस्थान में भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनाएगी : डॉ. कमल गुप्ता





**पाठकपक्ष न्यूज**

**फलोदी, 16 नवम्बर :** राजस्थान में भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। प्रदेश की जनता वर्तमान कांग्रेस सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। यह बात शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने राजस्थान के फलोदी शहर में जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने फलोदी विधानसभा के भाजपा प्रत्यासी पब्बा राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत किया। नागरिकों ने हरियाणा के मंत्री को आश्वस्त किया कि भाजपा उम्मीदवार को भारी बहुमत से जीता कर विधानसभा में भेजेंगे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकर्ता पार्टी की विचार धारा से जुड़ा है, यही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। भाजपा का कार्यकर्ता बेशक देश के किसी भी कोने में हो वह राष्ट्र हित की बात करता है, उसके लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि है। भाजपा जातिवाद वंश वाद के नाम पर वोट बटोरने का काम नही करती। पार्टी जनकल्याणकारी नीतियों को प्राथमिकता देकर उन्हें किर्यान्वित करने का काम करती है। पिछ्ले लगभग साढ़े नो वर्षों में नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश ने सभी क्षेत्रों में बुलंदियों को छुआ है। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल ने बताया कि राजस्थान में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर संगठन ने निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को फलोदी विधान सभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है, वे वहां संगठनात्मक समन्वय व चुनाव प्रचार का कार्य करेंगे। वे राज्य के चुनाव तक वहीं प्रवास पर रहेंगे।

# एसआईटी नहीं, हाईकोर्ट के जस्टिस को सरकार सौंपे जांच : कुमारी सैलजा

## साल 2020 में 40 से अधिक मौत होने पर भी नहीं लिया सबक

### जहरीली शराब के कारण गरीब व मेहनतकश ही गंवाते सबसे अधिक जान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 16 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार यमुनानगर और अंबाला में जहरीली शराब से हो रही मौतों को लेकर गंभीर नहीं है। इसलिए ही एसआईटी बनाकर जांच कराने का ढोंग किया जा रहा है। प्रदेश सरकार जहरीली शराब प्रकरण की तह तक जाना चाहती है तो उसे बिना देरी किए लगातार हुई मौतों की जांच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस से करानी चाहिए। जस्टिस से जांच के बिना न तो असली गुनहगारों को सजा मिल सकेगी और न ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को घटित होने से रोका जा सकेगा। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि साल 2020 में सोनीपत, पानीपत व फरीदाबाद में 40 से अधिक लोगों की जहरीली शराब के कारण जान चली गई थी। उस समय भी जांच के नाम पर इसी तरह से एसआईटी बनाने का स्वांग रचा गया। कुछ समय बाद प्रदेश के लोग इतनी मौतों को भूल गए और अब तीन साल के भीतर ही यमुनानगर और अंबाला में जहरीली शराब ने 20 से अधिक लोगों की जान ले ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साल 2014 में सत्ता संभालने के बाद भाजपा का कार्यकाल देखें और साल 2019 में उसकी सहयोगी बनी जजपा का भी साथ में कार्यकाल देखें तो प्रदेश में जहरीली शराब से होने वाली मौतें रिकॉर्ड बना चुकी हैं। प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में कभी भी मौत नहीं हुई, जितनी इन 9 साल के अंदर हुई हैं। हर बार सख्ती का दावा करने वाली गठबंधन सरकार की पोल फिर से होने वाली मौत खोल देती हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि शराब के सैंपल की जांच को लेकर प्रदेश सरकार कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसी साल मई महीने से अक्टूबर के बीच आबकारी एवं कराधान विभाग ने अकेले यमुनानगर जिले से 57 सैंपल लेकर पंचकूला लैब में भेजे, लेकिन इनमें से एक की भी जांच रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। जहरीली शराब प्रकरण सामने आने के बाद शराब के 190 सैंपल लेने का दावा प्रदेश सरकार कर रही है, जबकि इनमें से एक भी सैंपल 20 से अधिक जान जाने के बाद भी लैब नहीं भेजा जा सकता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश में जहरीली शराब पीकर जान गंवाने वालों में ज्यादातर गरीब व मेहनतकश हैं। इनकी मौत के बाद इनके परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। क्योंकि, दिहाड़ी-मजदूरी कर अपने परिवार को पालने वाले जहरीली शराब बनाने और सप्लाई करने वाले माफिया के चंगुल में फंस कर जान गंवा चुका होता है। प्रदेश सरकार की गलती के कारण बेसहारा हुए इनके परिवार की भी सुध ली जानी चाहिए।

# पराली के धुंए से सीओपीडी जैसी बीमारी के शिकार हो रहे रहे है लोग

## विश्व सीओपीडी के बारे में जागरुकता जरुरी




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** पराली का धुंआ, वाहनों का धुंआ, हुक्के का इस्तेमाल, धूम्रपान करने से सीओपीडी बीमारी उत्पन्न होती है। आज के दौर में पराली जलाए जाने से लगातार धुंआ बढ रहा है, जिससे आदमी के शरीर में अपने आप धुंआ जा रहा है जो कि शरीर के लिए काफी घातक है। यह जानकारी विश्व सीओपीडी दिवस पर आधार अस्पताल के चिकित्सक डा. भारत भूषण बंसल व डा. दीपक तायल प्रैस वार्ता में दी। उन्होंने कहा गांव में महिलाएं चुल्हे का इस्तेमाल करती हैं जिसके कारण वे इस बीमारी का शिकार हो जाती हैं। महिलाओं को गैस चुल्हे का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में धूम्रपान की अदात हो गई है जिससे उनके फैफडे खराब होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को धूम्रपान से बचना होगा। चिकित्सकों ने कहा कि लोगों को अपनी लाइफ स्टाइल में सुधार करना चाहिए। चिकित्सकों ने कहा कि गांव में हुक्के का प्रयोग करते हैं। यह धुंआ भी फैफडों के लिए खतरनाक साबित होता है। उन्होंने कहा कि सुबह शाम सैर व योगा करनी चाहिए तथा खाने में हरी सबिजयों का सेवन करना चाहिए। आधार अस्पताल के चिकित्सक डा. भारत भूषण बंसल व डा. दीपक तायल ने कहा कि भारत की सबसे हाल की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का लक्ष्य है दिर्घकालीक संबंधी साथियों सहित असक्रमाक रोगों से जल्द होने वाली मौतों को पच्चीस प्रतिशत तक घटाना। इस संदर्भ में क्रानिक सीओपीडी एक प्रमुख चिंता का विषय है। विश्व ओपीडी दिवस पर देश भर के मेडीकल एकप्रट श्वसन ही जीवन है। सीओपीडी जैसी बीमारी चुल्हे के धुएं, तम्बाकु के धुएं, बाहर वायु प्रदूषण से लेकर कृषि जैसे उद्योगों में व्यवसाय से संबंधित प्रदूषकों तक शामिल है। सीओपीडी के निदान की पुष्टि के लिए स्पारोमेट्री नामक एक महत्वपूर्ण फैफडों की कार्यप्रणाली की जांच आवश्यक है जो सांस में आने जाने वाली मात्रा का मापन करता है, जिस किसी व्यक्ति के फैफडों की कार्यक्षमता पता चलता है। सीओपीडी की जल्द पहचान और उपचार के लिए रोग के प्रति बेहरत भूमिका को दर्शाते हुए डा. भाषण भूषण व डा. दीपक तायल ने कहा कि सीओपीडी धीरे-धीरे बढाने वाली स्थिति है, इसलिए उसे फैफडों की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय है। गिरवाट लाने तथा साथ सांस फूलने, खांसी बलगम बनने सांस घरघरराने, और छाती में जकडन जैसे लक्ष्णों के बदतर होने से पहले ही नियंत्रित करना आवश्यक होता है। त्यौहार के मौसम में धुएं और वायु जन्य प्रदूषकों जैसे उत्प्रेरकों के संपर्क से रोग के बिगड़ने स्थिति अधिक हो जाती है, जिससे पूरी तरह से ऊभरने में मरीजों को एक महीना या अधिक समय लग सकता है। चिकित्सकों के अनुसार सीओपीडी दिवस के प्रबंधन में स्थिति और फैफडों के स्वास्थ्य पर जल्द ध्यान देने के महत्व पर बल देने के बारे में अधिक जागरुकता पैदा करने के लिए वैश्विक स्तर पर आहवान करता है। फिर भी जागरुकता के प्रयासों ध्यान में रखने की जरुरत है। फैफडों की सेहत को सुधारने के लिए देश के सफर में इस महत्वपूर्ण दिन को मनाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

# नवम्बर माह के तीसरे सप्ताह में शुरू की जाएगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

## यात्रा के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं की दी जाएगी जानकारी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए जिले के सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से प्रत्येक गांव तथा प्रत्येक वार्ड में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में आमजन की प्रतिक्रियाएं भी ली जाएंगी ताकि इनमें सुधार किया जा सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि यात्रा के लिए जिला एवं खण्ड स्तर पर कमेटियों का गठन करने के साथ-साथ नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। यात्रा में गांव व वार्ड स्तर पर सामाजिक - धार्मिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों तथा आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनभावक एवं मनोरंजन भी इस दौरान आयोजित होंगे। ताकि लोगों में उत्साह एवं जोश बना रहे। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रमों को महोत्सव का रूप देकर इस तरह बनाया जाए कि आमजन गहन रूचि ले। इसके साथ ही सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ दिया जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा सभी ग्राम पंचायतों में जाएंगी। संकल्प यात्राओं को कवर करने के लिए ग्रामीण इलाकों में वैन लगाई जाएंगी। इनके माध्यम से नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुअल इंटरएक्शन भी कर सकेंगे। सरकारी योजनाओं के लिए जागरूकता बढ़ाना इन मोबाइल वैन का मुख्य मकसद होगा। उपायुक्त ने बताया कि लोगों से वर्चुअल तरीके से जुड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जिन लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है उन्हें पंजीकृत करने का काम भी किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, सीईओ जिला परिषद अश्वीर नैन, हिसार के एसडीएम जयवीर यादव, हांसी के एसडीएम मोहित महराणा, नारनौंद के एसडीएम विकास यादव, बरवाला एसडीएम विजया मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कल नहाय खाय के साथ शुरु होगा छठ महापर्व, मुख्य पर्व 19 को

## छठ महापर्व के दौरान एक हजार दर्जन केले का प्रसाद बांटा जाएगा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के तत्वाधान में जिंदल पार्क, मिल गेट स्थित जिंदल सरोवर में चार दिवसीय छठ महापर्व का आयोजन किया जाएगा। लोक आस्था का छठ महापर्व 17 नवम्बर को प्रातः नहाय खाय के साथ शुरु हो जाएगा। अनुष्ठान के दूसरे दिन 18 नवम्बर को खरना करेंगे। 19 नवम्बर को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को त्रिवेणी के जल से अर्ध्य दिया जाएगा। 20 नवम्बर को प्रातः उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर महापर्व सम्पन्न हो जाएगा। समिति के महासचिव मुरलीधर पाण्डेय व कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि महापर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर घरों में तैयारियां की जा रही हैं। बाजारों में खरीददारी की जा रही है। छठ महापर्व के दिन 19 नवम्बर को सायं 4 बजे हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगी। अध्यक्षता सूर्य भगवान भास्कर करेंगे। समिति के प्रधान विनोद साहनी ने बताया कि सूर्य षष्ठी महायज्ञ के यजमान नगर के गणमान्य लोग रहेंगे। पर्व की तैयारियों के लिये डॉ. शंकर भारद्वाज, दिनेश पाण्डेय व अंगद भारद्वाज ने पी.डब्ल्यू.डी विभाग के सहयोग से पार्क के बाहर की मुख्य सड़क को जेसीबी से समतल करवाया। पर्व के दिन 19 नवम्बर को पार्क में डॉ. शंकर भारद्वाज की देखरेख में आपातकालीन चिकित्सीय सेवा उपलब्ध रहेगी। पर्व के दिन जो लोग दण्डवत करते हुए अपने घरों से सरोवर तक आएंगे, उनके लिये ऋगवेद द्वार पर पूजा-पाठ व हवन करवाया जाएगा। छठ पर्व में सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी, धर्मेन्द्र गोयल, रामनिवास राड़ा, दर्शन कौशिक, योगेन्द्र शर्मा आदि विशेष रुप से भाग लेंगे। छठ पर्व के आयोजन में प्रधान विनोद साहनी, आचार्य मुरलीधर पांडेय, अर्चना पांडेय, आचार्य शिवपूजन मिश्र, रविन्द्र सिंह, राकेश तिवारी, हरीश चंद्र तिवारी, अनूप पाण्डेय, तारकेश्वर मिश्र, दिनेश पांडेय, अनिल उपाध्याय, मुख्तयार गिरी, मनीश शर्मा, उमेश तिवारी, मिलन मिश्र, कुमरेश तिवारी, पुरुषोत्तम पांडेय, मुन्ना पांडेय, रामजी मिश्र, लक्ष्मण मिश्र, अनिल तिवारी, मुखलाल, भिखी आदि तैयारियों में लगे हुए हैं।

***एक दिन केले व दूसरे दिन लड्डू बांटे जाएंगे***

जिंदल पार्क, मिल गेट स्थित जिंदल सरोवर में 19 नवम्बर को मनाये जाने वाले छठ महापर्व के दिन सायंकाल नई सब्जी मंडी के आढ़तियों व उनके पास काम करने वाले पूर्वांचल समाज के लोग आदर्श कुमार, गौरव कुमार, कुमरेश तिवारी, मुन्ना पाण्डेय, पुरुषोत्तम पाण्डेय, सर्वेश मिश्र, धर्मेंद्र यादव, मोनू सेठ आदि के सहयोग से एक हजार दर्जन केले छठी मैय्या को भोग लगाकर प्रसाद रुप में बांटे जाएंगे। अगले दिन 20 नवम्बर को इन्हीं लोगों के सहयोग से प्रातःकाल सूर्योदय के समय छठी मैय्या को भोग लगाकर सवा क्विंटल लड्डू बांटे जाएंगे। इस दौरान चाय की स्टॉल भी लगाई जाएगी।

# मंडलायुक्त गीता भारती ने कार्यालयों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** हिसार मंडलायुक्त गीता भारती ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय, जिला विकास एवं पंचायत कार्यालय, जिला न्यायवादी कार्यालय तथा जिला राजस्व कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उपायुक्त उत्तम सिंह तथा नगराधीश राजेश खोथ भी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त गीता भारती ने निरीक्षण के दौरान कहा कि कार्यालय में फाइलों एवं पुराने रिकॉर्ड को व्यवस्थित ढंग से रखें और सभी फाइलों को अपडेट रखने के साथ-साथ निर्धारित समय सीमा के अंदर सभी कार्यों को निस्तारण भी किया जाए। प्रोटोकॉल को पूरी तरह से निभाया जाए ताकि किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। मंडलायुक्त ने कार्यालयों के भ्रमण रजिस्टर तथा कैशबुक आदि को नियमित रूप से अपडेट करने के भी निर्देश दिए। आधारभूत सुविधाओं व कार्यालयों में उच्च स्तर की सफाई व्यवस्था रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का रिकॉर्ड खराब न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त गीता भारती ने नाजर शाखा, लाई-माई शाखा, कोष शाखा, लघु बचत शाखा, लाइसेंस शाखा में स्थिति फाइलों के संधारण के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कार्यालयों में सीसीटीवी व्यवस्था, पुराने फर्नीचर को बदलने, निर्माण कार्यों को जल्द पूरे करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने लुघ सचिवालय की बिल्डिंग के आस-पास के पेड़ों की कटाई-छंटाई व कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था करने को लेकर नगराधीश राजेश खोथ को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उत्तम सिंह ने अधिकारी/कर्मचारियों को ड्रैस कोड के साथ कार्यालयों में आने के भी निर्देश दिए।

# गुरुग्राम में होगी आइस स्केटिंग की सातवीं स्टेट चैम्पियनशिप

## हिसार की टीम के चयन के लिए ट्रायल 23 को, चार दिवसीय चैम्पियनशिप का 1 दिसम्बर से होगा आगाज, चार दिसम्बर को होंगे फाईनल मुकाबले

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** ग्रुरुग्राम में एक दिसम्बर से होने वाली सातवीं आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप के लिए हिसार की टीम का चयन 23 नवंबर 2023 को विद्युत नगर स्थित ग्राउंड में होगा। यह जानकारी देते हुए हिसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रामअवतार वर्मा ने बताया कि हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान, प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ के निर्देशानुसार अंडर-8*, 8 से 10, 10 से 13, 13 से 15, 15 से 17, 17 से 19 आयु वर्ग व सीनियर वर्ग में 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में हिसार की टीम का चयन किया जाएगा। जिसमें जिले भर से सौ से अधिक स्केटर्स हिस्सा लेंगे। उनके अनुसार स्पीड व फिगर आईस स्केटिंग की प्रदेश स्तरीय सातवीं आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप एक से चार दिसम्बर तक चलेगी। हिसार आइस स्केटिंग के अध्यक्ष श्री वर्मा के अनुसार गुरुग्राम के एंबियंस स्थित आईस्केट में होने वाले इस विशेष ट्रेनिंग कैम्प व चैम्पियनशिप में गुरुग्राम, फरीदाबाद, करनाल, जींद, कैथल, भिवानी, सोनीपत, रोहतक, अम्बाला, फतेहाबाद, सिरसा, हिसार, भिवानी, रेवाड़ी व झज्जर सहित 14 जिलों के लगभग 300 स्केटर्स अपना कौशल दिखाएंगे। इस सातवीं स्टेट चैम्पियनशिप में 30 से अधिक नेशनल एवं इंटरनेशनल स्केटर्स हिस्सा लेंगे।

**14 जिलों के 300 से अधिक स्केटर्स दिखाएंगे रिंग में जलवा**

**30 से अधिक नेशनल एवं इंटरनेशनल स्केटर्स लेंगे चैम्पियनशिप में हिस्सा**



**इन आयु वर्ग में होंगे मुकाबले**

हरियाणा आईस स्केटिंग के महासचिव नरेश सेलपाड़ के अनुसार सातवीं स्टेट चैम्पियनशिप में स्पीड व फिगर आईस स्केटिंग के मुकाबलों में अंडर-8*, 8 से 10, 10 से 13, 13 से 15, 15 से 17, 17 से 19 आयु वर्ग व सीनियर वर्ग में 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्केटर्स हिस्सा लेंगे। ये मुकाबले लड़कों व लड़कियों के दोनों वर्गों में समान आयु वर्ग में होंगे।

**एक जुलाई होगा आयु गणना का आधार**

हरियाणा आइस स्केटिंग के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान के अनुसार इस चैम्पियनशिप के लिए स्केटर्स की आयु गणना एक जुलाई 2023 के आधार पर होगी। जिसमें सभी प्रतिभागिओं को अपना आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।




# जीजेयू ने किए विभिन्न विषयों की परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2023 में आयोजित बीसीए द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर-स्पेशल चांस) बैच 2015 व बीसीए द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2018-2019 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त जुलाई 2023 में आयोजित दूरस्थ शिक्षा की बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर (रिअपीयर) सीरीज 1955 व 2055, एमएससी मैथेमेटिक्स द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) सीरीज 1709 व 1809, एमएससी मैथेमेटिक्स चतुर्थ सेमेस्टर (रिअपीयर) सीरीज 1909 व 2009, बीएएमसी द्वितीय वर्ष (रिअपीयर) सीरीज 1852 से 2052 तथा बीएएमसी तृतीय वर्ष (रिअपीयर) सीरीज 1952 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

# बासमती चावल के निर्यात में निरन्तर तीसरे वर्ष भी वृद्धि : डॉ. कुलदीप ढींडसा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 16 नवम्बर :** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ सिरसा के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा के अनुसार बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मांग और कीमतों में बढ़ोतरी के कारण बासमती चावल का निर्यात लगातार तीसरे साल भी बढ़ रहा है। वैश्विक बाजारों में लंबे अनाज वाली प्रीमियम बासमती किस्मों की बढ़ती कीमतों से व्यापारियों और किसानों को पर्याप्त लाभ हुआ है।

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) के अनुसार 2021-22 और 2023-24 की अप्रैल-अगस्त अवधि के बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चावल के व्यापार में 71 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है, जिससे भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा (7,620.32 करोड़ रुपये के समकक्ष) प्राप्त हुई है। चालू वित्त वर्ष में बासमती का निर्यात 20.10 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया जिससे 18,310.35 करोड़ रुपये की आय हुई हैं। इसकी तुलना में, 2022-23 की इसी अवधि में 18.75 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) की शिपिंग के साथ 15,542.44 करोड़ रुपये का बासमती चावल निर्यात हुआ।


डॉ. ढींडसा ने आगे बताया कि इसी तरह, 2021-22 में भारत ने 17.02 एलएमटी बासमती चावल का निर्यात किया, जिससे 10,690 करोड़. रुपये की विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ (एआईआरईए) ने वैश्विक चावल उत्पादन के लिए आशावादी रिपोर्ट दी है और कहा है कि इसके 54,225 मिलियन टन तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें भारत और ब्राजील का मुख्य योगदान होगा।

डॉ. ढींडसा ने कहा कि बासमती चावल का निर्यात निरन्तर बढ़ रहा है और बढ़ती मांग के कारण व्यापारी अत्यधिक सक्रिय हैं। आशा है कि इस वर्ष मध्य पूर्वी देशों से ऑर्डरों में बढ़ोतरी के कारण पर्याप्त वृद्धि होगी, जो सकारात्मक बाजार गतिशीलता का संकेत है।

डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने आगे कहा कि हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख बासमती उत्पादक राज्यों में चल रही धान की फसल बासमती उत्पादकों के लिए विशेष रूप से लाभदायक रही है, क्योंकि पारंपरिक बासमती की कीमतें 6000 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक हैं जबकि अन्य प्रीमियम किस्मों जैसे पूसा 1121,1718 और मूछल की कीमत लगभग 4500 रुपये प्रति क्विंटल है। 23 अक्टूबर को लंबे बासमती चावल के लिए न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को 1200 डॉलर प्रति टन से घटाकर 950 डॉलर प्रति टन करने के केंद्रीय सरकार के फैसले के बाद देश के उत्तरी हिस्सों में बासमती धान की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी हुई है। इससे बासमती चावल की खेती करने वाले किसानों में भारी उत्साह है।

# जो जीतेगा राजस्थान, वह जीतेगा हिंदुस्तान : कुलदीप बिश्नोई

## सादुलशहर, गंगानगर, सूरतगढ़, करणपुर, रायसिंह नगर में कुलदीप बिश्नोई का पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार अभियान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**रायसिंहनगर, 16 नवम्बर :** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के चुनाव सह प्रभारी एवं स्टार प्रचार कुलदीप बिश्नोई ने गत बुधवार को गंगानगर की सादुलशहर, गंगानगर, सूरतगढ़, करणपुर, रायसिंहनगर विधानसभा में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार अभियान चलाकर लोगों से भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है, क्योंकि इस चुनाव के बाद देश में लोकसभा चुनाव भी होने हैं और जो राजस्थान जितेगा, वह हिंदुस्तान जितेगा। यह निश्चित है। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि अच्छे-बुरे की पहचान करके तथा देश, प्रदेश के भविष्य को ध्यान में रखकर आने वाली 25 नवंबर को मतदान करे। एक तरफ आपके सामने अत्याचारी, भ्रष्टाचारी एवं बलात्कारी गहलोत सरकार है, वहीं दूसरी ओर यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आपके बेहतर भविष्य की गारंटी भारतीय जनता पार्टी है। देश जनता है कि मोदी जी के नेतृत्व में देश ने पिछले 9 वर्षों में अभूतपूर्व तरक्की की है। हमारा देश चांद तक पहुंच गया है और आज हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। दूसरी ओर है घोटालों की सरकार गहलोत सरकार। 2019 में मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर इतिहास रच दिया था। राम मंदिर की जिसकी बाट हर हिंदू कई सदियों से देख रहा है, उसका सपना भी मोदी जी की सरकार की पूरा करने वाली है और आने वाले जनवरी माह में राम मंदिर का सपना भी साकार रूप ले लेगा। आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना, जनधन योजना, किसानों के खातों में सीधा आर्थिक लाभ पहुंचाने सहित ऐसे अनेकोनेक कार्य हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री किए, जिससे देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा, परंतु गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान पिछले 5 वर्षों में निरंतर बदहाली की ओर ही बढ़ा है। इसलिए इस बार राजस्थान की जनता भाजपा को 150 सीटें जीताकर इतिहास रचने का काम करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं आरएलपी के पदाधिकारियों से भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। इस दौरान अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र बुडिया, रायसिंह नगर से भाजपा विधायक एवं प्रत्याशी बलबीर लूथरा, गंगानगर से सांसद निहालचंद गंगानगर के जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, मेघवाल,करणपुर से सुरेन्द्र पाल टीटी, रणधीर पनिहार, शिवराज बिश्नोई, रामनिवास मांझू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने अन्नकूट का प्रशाद बांटा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** भगवान परशुराम जन सेवा समिति द्वारा न्यू ऋषि नगर स्थित संस्कृति ब्राह्म पाठशाला में गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक एच.के. शर्मा की अध्यक्षता में गोवर्धन की पूजा कर हवन यज्ञ किया गया फिर कढ़ी, खिचड़ी, सब्जी, पूरी के प्रशाद का वितरण किया गया। समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा वर्ष भर हर धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया जाता है। समिति के सभी सदस्यगण पूर्ण सहयोग देते हैं। हवन के अवसर पर मुख्य यजमान के रुप में बिजली निगम के एसई ऑपरेशन ओमवीर जांगड़ा उपस्थित हुए। समिति की ओर से उन्हें अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया और उनके हाथों से प्रशाद वितरण शुरु करवाया गया। प्रशाद वितरण के मौके पर पार्षद पिंकी शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा व पंकज दीवान, राजेश भारद्वाज, विकास गौड़, बलराज मलिक सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# संस्थाओं/ कारखानों में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर किए जाएंगे आयोजित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** औद्योगिक स्वास्थ्य कम् सर्टिफॉईंग सर्जन के सहायक निदेशक डॉ डीएस देशवाल द्वारा मास नवंबर 2023 में जिले के विभिन्न संस्थाओं/कारखानों में कार्यरत श्रमिकों का स्वास्थ्य संबंधित जांच हेतू स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि कारखानों में कार्यरत श्रमिकों को उनके अच्छे स्वास्थ्य हेतु किया जाएगा और श्रमिकों को व्यक्तिगत सुरक्षात्मक वस्त्र (पीपीडब्ल्यू) प्रयोग करने के महत्व बारे जानकारियां दी जाएंगी ताकि श्रमिक अनेक बीमारियों से अपना बचाव कर सकें। हिसार मेटल प्राईवेट लिमिटेड में 18 नवंबर को, जिंदल स्टील लिमिटेड में 29 नवंबर को तथा डीसीएम टेक्सटाईल लिमिटेड हिसार में 30 नवंबर को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर 25 व 26 नवंबर को विशेष शिविर होंगे आयोजित

**पाठकपक्ष न्यूज**


**हिसार, 16 नवम्बर :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने सभी बीएलओ को अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर 25 व 26 नवंबर को उपस्थित रहकर दावें तथा आपत्तियां प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2024 को क्वालिफाईंग तिथि मानकर मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निश्चित किया जा चुका है, जिसमें 2 व 3 दिसंबर 2023 को विशेष शिविर आयोजित करने के लिए तिथियां निर्धारित की गई थी। परंतु उक्त तिथियों को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसलिए विशेष कैम्प को उक्त तिथियों के स्थान पर 25 व 26 नवंबर को निर्धारित करने का निर्णय लिया गया है।

# स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल 19 नवंबर को खंड हांसी के विभिन्न गांवों में जन संवाद कार्यक्रमों के दौरान सुनेंगे जन समस्याएं

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल 19 नवंबर को खंड हांसी के विभिन्न गांवों में जन संवाद कार्यक्रम के तहत जन समस्याएं सुनेंगे। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि दौरा कार्यक्रम के अनुसार स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल खंड के जग्गा बाड़ा, शेखपुरा, ढाणी राजू तथा ढाणी कुतुबपुर में जन संवाद कार्यक्रमों के दौरान जन समस्याएं सुनेंगे तथा उपस्थिजन को संबोधित भी करेंगे।

# लुवास में 'विस्तार कार्यकर्ताओं के लिंग संवेदीकरण' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का ऑनलाइन आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के निर्देशानुसार में पशु चिकित्सा और पशुपालन विस्तार शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज) के सहयोग से 'विस्तार कार्यकर्ताओं के लिंग संवेदीकरण' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का ऑनलाइन आयोजन किया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विस्तार कर्मियों को लिंग और पशुधन से जुड़े जटिल संबंधों के बारे में संवेदनशील बनाना था। प्रतिभागियों में लिंग अवधारणाओं, भूमिकाओं, लिंग विश्लेषण, बजटिंग और मुख्यधारा के बारे में बेहतर समझ लाना और पशुधन खेती के माध्यम से लिंग सशक्तिकरण की क्षमता को विस्तृत करना था। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना ने अपने मुख्य भाषण में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और इस प्रशिक्षण के आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उन्होंने बताया कि बदलते परिदृश्य में समाज लैंगिक गुणवत्ता और सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहा है। इस प्रशिक्षण का समन्वयन लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. अनिका मलिक (पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विस्तार शिक्षा विभाग में सहायक प्रोफेसर) और मैनेज की ओर से डॉ. वीनीता कुमारी (उप निदेशक, सामान्य अध्ययन) द्वारा किया गया था।

इस प्रशिक्षण में मुख्यतः लिंग अवधारणाएँ और रूढ़ियाँ, पशुधन क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर विचार विमर्श किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में प्रतिदिन 3 सत्र थे, जिसमें कृषि और पशुपालन और अन्य संबद्ध क्षेत्रों में लिंग संवेदीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर कुल 9 व्याख्यान दिए गए।

इस प्रशिक्षण में विभागाध्यक्ष, पशु चिकित्सा और पशुपालन विस्तार शिक्षा विभाग डॉ. गौतम और डॉ. रचना, सहायक प्रोफेसर, डेयरी विस्तार के सहयोग से सुचारू रूप से संचालित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सोनिया सिंधु, प्रोफेसर और प्रमुख, पशु चिकित्सा फिजियोलॉजी और जैव रसायन विभाग ने अपने मुख्य संबोधन में सभी प्रतिभागियों और समन्वयकों को प्रशिक्षण के सफल समापन के लिए बधाई दी और कृषि अनुसंधान में लिंग को एकीकृत करने की सलाह दी।

# उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन अंकन कार्य हेतु परीक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**पाठकपक्ष न्यूज**

**भिवानी, 16 नवम्बर :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वी.पी. यादव एवं सचिव सुश्री ज्योति मित्तल, ह.प्र.से. ने यहां बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) पूरक परीक्षा अक्तूबर-2023 की उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन अंकन हेतु प्रदेशभर में निर्धारित अंकन केन्द्रों पर परीक्षकों को आज ट्रेनिंग दी गई। उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा पहली बार परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं की डिजीटल मार्किंग करने की व्यवस्था अपनाई जा रही है। प्रदेश के सभी राजकीय व अराजकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों के मुखियाओं द्वारा उनके विद्यालय के कम्प्यूटर साक्षरता वाले अध्यापकों/ प्राध्यापकों की दी गई सूची के आधार पर ही परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में शिक्षक सैकेण्डरी की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का ऑनलाइन अंकन करेंगे। प्रदेशभर में परीक्षकों की सुविधा के लिए प्रत्येक अंकन केन्द्र पर शिक्षा बोर्ड की तरफ से दो ट्रेनर-कम-तकनीकी विशेषज्ञों को लगाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि परीक्षकों को प्रशिक्षण देने उपरान्त ही उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन अंकन का कार्य शुरू करवाया जाएगा। प्रदेशभर में बनाए गए अंकन केन्द्रों की बोर्ड के कंट्रोल रूम से लाईव मॉनिटरिंग करने एवं परीक्षकों को ऑनलाइन कार्य में होने वाली कठिनाईयों के निदान हेतु शिक्षा बोर्ड में एक मॉनिटरिंग सैल भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि आज शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष के ओ.एस.डी. श्री विपिन कुमार, ह.प्र.से. द्वारा बोर्ड अधिकारियों की टीम के साथ जिला भिवानी के अंकन केन्द्र नेशनल कम्प्यूटर ट्रेंनिग सैन्टर का निरीक्षण किया गया। इस केन्द्र पर उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन अंकन हेतु प्रशिक्षण का कार्य सुचारू रूप से चल रहा था तथा यहां नियुक्त परीक्षकों द्वारा बताया गया कि उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन अंकन का कार्य कल से आरम्भ कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश में आज रोडवेज बसों की हड़ताल होने के कारण कुछ परीक्षक प्रशिक्षण हेतु अंकन केन्द्रों पर नहीं पंहुच पाए। ऐसे परीक्षकों को ऑनलाइन अंकन हेतु प्रशिक्षण कल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष, सचिव व बोर्ड अधिकारियों की टीम द्वारा समय-समय पर अंकन केन्द्रों का निरीक्षण करके यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन अंकन कार्य में परीक्षकों को किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

# साहस की प्रतिमूर्ति थे शहीद क्रांतिकारी करतार सिंह

## 19 वर्ष की आयु में शहादत देने वाले 'करतार सिंह सराभा' को आदर्श मानते थे भगत सिंह

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

आज के दिन इन्होंने हंसते-हंसते मात्र 19 वर्ष की आयु में फांसी का फंदा चुम लिया था। भगत सिंह इन्हें अपना हिरो मानते थे, और इनकी फोटो अपनी जेब मे रखते थे।



सराभा, पंजाब के लुधियाना ज़िले का एक चर्चित गांव है। लुधियाना शहर से यह करीब पंद्रह मील की दूरी पर स्थित है। गांव बसाने वाले रामा व सद्दा दो भाई थे। गांव में तीन पत्तियां हैं- सद्दा पत्ती, रामा पत्ती व अराइयां पत्ती। सराभा गांव करीब तीन सौ वर्ष पुराना है और 1947 से पहले इसकी आबादी दो हज़ार के करीब थी, जिसमें सात-आठ सौ मुसलमान भी थे। इस समय गांव की आबादी चार हज़ार के करीब है।

करतार सिंह सराभा का जन्म 24 मई 1896 को माता साहिब कौर की कोख से हुआ। उनके पिता मंगल सिंह का कर्तार सिंह के बचपन में ही निधन हो गया था। कर्तार सिंह की एक छोटी बहन धन्न कौर भी थी। दोनों बहन-भाइयों का पालन-पोषण दादा बदन सिंह ने किया। कर्तार सिंह के तीन चाचा-बिशन सिंह, वीर सिंह व बख्शीश सिंह ऊंची सरकारी पदवियों पर काम कर रहे थे। कर्तार सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लुधियाना के स्कूलों में हासिल की। बाद में उसे उड़ीसा में अपने चाचा के पास जाना पड़ा। उड़ीसा उन दिनों बंगाल प्रांत का हिस्सा था, जो राजनीतिक रूप से अधिक सचेत था। वहां के माहौल में सराभा ने स्कूली शिक्षा के साथ अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकें पढ़ना भी शुरू किया। दसवीं कक्षा पास करने के उपरांत उसके परिवार ने उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए उसे अमेरिका भेजने का निर्णय लिया और 1 जनवरी 1912 को सराभा ने अमेरिका की धरती पर पांव रखा। उस समय उसकी आयु पंद्रह वर्ष से कुछ महीने ही अधिक थी। इस उम्र में सराभा ने उड़ीसा के रेवनशा कॉलेज से ग्यारहवीं की परीक्षा पास कर ली थी। सराभा गांव का रुलिया सिंह 1908 में ही अमेरिका पहुंच गया था और अमेरिका-प्रवास के प्रारंभिक दिनों में सराभा अपने गांव के रुलिया सिंह के पास ही रहा।

### क्रांतिकारी बनने का सफ़र

बर्कले विश्वविद्यालय में तकरीबन 30 विद्यार्थी भारतीय थे, जिनमें से अधिकतर बंगाली और पंजाबी थे। 1913 में लाला हरदयाल जी इन विद्यार्थियों के संपर्क में आये और इन्हें अपने विचारों से दो-चार कराया। लाला हरदयाल और भाई परमानंद ने भारत की ग़ुलामी पर एक जोशीला भाषण दिया। जिसने करतार सिंह की सोच पर गहरा असर किया और वो भारत की आज़ादी के बारे में विस्तार और गहराई से सोचने लगे।

### लाला हरदयाल का साथ

1911 ई. में सराभा अपने कुछ सम्बन्धियों के साथ अमेरिका चले गये। वे 1912 में सेन फ़्रांसिस्को पहुंचे। वहां पर एक अमेरिकन अधिकारी ने उनसे पूछा 'तुम यहाँ क्यों आये हो?' सराभा ने उत्तर देते हुए कहा, 'मैं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से आया हूं।' किन्तु सराभा उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। वे हवाई जहाज बनाना एवं चलाना सीखना चाहते थे। अतः इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक कारखाने में भरती हो गये। इसी समय उनका सम्पर्क लाला हरदयाल से हुआ, जो अमेरिका में रहते हुए भी भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रयत्नशील दिखे। उन्होंने सेन फ़्राँसिस्को में रहकर कई स्थानों का दौरा किया और भाषण दिये। सराभा हमेशा उनके साथ रहते थे और प्रत्येक कार्य में उन्हें सहयोग देते थे।

### साहस की प्रतिमूर्ति

करतार सिंह सराभा साहस की प्रतिमूर्ति थे। देश की आज़ादी से सम्बन्धित किसी भी कार्य में वे हमेशा आगे रहते थे। 25 मार्च, 1913 ई. में ओरेगन प्रान्त में भारतीयों की एक बहुत बड़ी सभा हुई, जिसके मुख्य वक्ता लाला हरदयाल थे। उन्होंने सभा में भाषण देते हुए कहा था, 'मुझे ऐसे युवकों की आवश्यकता है, जो भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण दे सकें।' इस पर सर्वप्रथम करतार सिंह सराभा ने उठकर अपने आपको प्रस्तुत किया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लाला हरदयाल ने सराभा को अपने गले से लगा लिया।



### सम्पादन कार्य

इसी सभा में 'गदर' नाम से एक समाचार पत्र निकालने का निश्चय किया गया, जो भारत की स्वतंत्रता का प्रचार करे। इसे कई भाषाओं में प्रकाशित किया जाये और जिन-जिन देशों में भारतवासी रहते हैं, उन सभी में इसे भेजा जाये। फलतः 1913 ई. में 'गदर' प्रकाशित हुआ। इसके पंजाबी संस्करण के सम्पादक का कार्य सराभा ही करते थे।

### क्रांतिकारियों के साथ चलती है क्रांति

पंजाब में विद्रोह चलाने के दौरान उन्होंने क्रांतिकारियों के साथ नज़दीकी बढ़ानी शुरू की। भारत के गुलाम हालातों पर उनकी पैनी नज़र स्पष्ट विचारों का निर्माण कर रही थी। राजबिहारी बोस, शचीन्द्रनाथ सान्याल के साथ अपने विचार साझे किए और क्रांतिकारियों की एक सेना बनाने का सुझाव दिया। बाद में रासबिहारी बोस ने अपने आस-पास के माहौल को देखते हुए करतार सिंह को लाहौर छोड़कर काबुल चले जाने की सलाह दी। उन्होंने काबुल जाने की तय कर ली लेकिन वज़ीराबाद तक पहुंचते-पहुंचते उन्होंने सोचा कि भागने से बेहतर है मैं फांसी के तख्ते पर चढ़ जाऊं। इसी सोच को अंजाम देते हुए स्वयं जा कर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में उन पर कई मुकदमें चले। जिसके परिणाम स्वरूप जज ने उन्हें फांसी की सज़ा सुनाई।

### अंतिम समय भी दिया संदेश

शहीद होने से पहले इन्होंने कहा था कि 'अगर कोई पुर्नजन्म का सिद्धांत है तो मैं भगवान से यही प्रार्थना करूंगा कि जब तक मेरा देश आज़ाद न हो मैं भारत की स्वतंत्रता में अपना जीवन न्यौछावर करता रहूं'। 16 नवंबर 1915 को करतार सिंह ने मात्र 19 साल की उम्र में हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया।

**-पंकज बगला**

# पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में 21 से 25 दिसंबर तक लगेगा स्वदेशी व स्वरोजगार मेला

## पांच दिवसीय स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेले की तैयारियों के लिए बैठक, सौंपी गई जिम्मेदारियां

### पांच दिवसीय स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेले में रहेगी स्वदेशी उत्पादों की धूम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** स्वावलंबन व स्वदेशी विचारधारा को बल प्रदान करने के लिए हिसार के पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में 21 से 25 दिसंबर तक पांच दिवसीय स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले की तैयारियों के संदर्भ में स्वदेशी जागरण मंच की महत्वपूर्ण बैठक विवेकानंद भवन में आयोजित की गई। इस बैठक में स्वदेशी मेले की रूपरेखा तय करके जिम्मेदारी सौंपी गई। अनिल गोयल मेला समिति प्रमुख व भारत मेहरवाल मेला संयोजक की भूमिका निभाएंगे। मेले की व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रदीप बामल व महेंद्र खरमपुर को सौंपी गई। कार्यालय का कार्यभार भारत शर्मा व कंप्यूटर टेक्नीशियन विनय असीजा देखेंगे। स्वदेशी मेले में लगने वाली स्टाल का दायित्व अनिल गोयल व ऋतु राज के जिम्मे रहेगा।

मेले के प्रचार से संबंधित कार्य भारत मेहरवाल प्रिंटिंग व सुरेंद्र कालरा मीडिया देखेंगे। कोष संभालने का दायित्व अरुण गोयल निभाएंगे। मुख्यातिथियों के स्वागत से संबंधित कार्य विनोद अरोड़ा व चंद्रभान सोनी के जिम्मे रहेगा। इसी भांति मेले में निकलने वाले लक्की ड्रा की संभाल विनोद कंसल व देवेंद्र अग्रवाल करेंगे। रोजगार मेले का दायित्व भारत त्रिखा, योगेश्वर व रमेश आर्य निभाएंगे। उद्यमिता सम्मान सतीश वर्मा व ऋतु राज एवं उद्यमिता प्रोत्साहन का कार्य भगत सिंह व कपिंदर देखेंगे। मेले के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की जिम्मेदारी मोना जैन, ममता शर्मा, सुमन लता व निर्मला बादल को सौंपी गई है। मंच संचालन का दायित्व डॉ. अजीत व सोनिया संभालेंगे। सामाजिक व आर्थिक संगठनों से संपर्क की जिम्मेदारी बलजीत सहारण, बजरंग लाल शर्मा व अशोक गोदारा को सौंपी गई है। विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय व अन्य शिक्षण संस्थानों से संपर्क साधने का कार्य संजीव शर्मा, नितिन भारद्वाज व अजीत करेंगे।

मेला समिति प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच की प्रेरणा से स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन द्वारा यह मेला 21 से 25 दिसंबर तक लगेगा। इस मेले में स्वदेशी उत्पादों के साथ हरियाणवी संस्कृति की भी धूम रहेगी। उन्होंने बताया कि यह मेला अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर को समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि मेले के लिए स्टाल की बुकिंग शुरू हो गई है। कोई भी उद्यमी, कुटीर उद्योग संचालक या अन्य क्षेत्र से जुड़े लोग स्टाल लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेले का उद्देश्य युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भरता व स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर करना है।

# कोहरे में दुर्घटनाएं रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालको के लिए जारी की एडवाइजरी

## वाहन चालक अपने वाहनों को सीमित गति के साथ अपनी लेन में चलाएं



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 16 नवम्बर :** पुलिस अधीक्षक हांसी श्री मक़सूद अहमद ने सर्दी के मौसम में पड़ने वाले कोहरे के दौरान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी थाना प्रबंधको, चौकी प्रभारियों और थाना प्रबंधक यातायात को अपने अपने क्षेत्रों में सावधानी के साथ वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि सर्दी के मौसम में सुरक्षित यातयात के प्रति सावधानी बरतनी जरूरी है। सुबह और रात में कोहरे के दौरान वाहन चालकों को अधिक सावधानी के साथ यातायात के नियमो पर पूरी तरह से ध्यान रखकर वाहन चलाने की आवश्यकता है ताकि नागरिक सुरक्षित सफर कर सके और सड़क पर कोई दुर्घटना न हो। नागरिकों को धुंध के मौसम में कम दृश्यता के कारण किसी प्रकार का कोई नुक़सान व दुर्घटना ना होने पाए इसके लिए जिला यातायात पुलिस छोटे- बड़े, निजी और कमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का काम भी कर रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा है कि धुंध के समय सड़क पर दृश्यता बहुत कम हो जाती है। ऐसे में गलत दिशा में गाड़ी चलाने से परहेज करे। गलत दिशा में गाड़ी चलाने के कारण बहुत से सड़क हादसे होते है और उनमें बहुत लोग अपनी जान गवा देते है। ट्रैफिक नियमों का पालन कर हम अपने सफर को सुरक्षित कर सकते है। जहा तक संभव हो धुंध के समय सड़क पर ओवरटेक करने से बचे और अगर करना भी हो तो दाहिनी ओर से ओवरटेक करें। गलत दिशा से ओवरटेक करना हादसे को निमंत्रण देना है। जब भी वाहन चालक लेन बदले तो हमेशा टर्न इंडिकेटर का इस्तेमाल करे। बिना संकेत के लेन बदलने से गंभीर दुर्घटना हो सकती है। ट्रैफिक नियमों का पालन करे। सुरक्षित चले, सुरक्षित रहें।

**पुलिस अधीक्षक महोदय ने वाहन चालकों को धुंध के मौसम में वाहन चलाते समय निम्न सावधानियां बरतने के सुझाव दिए है:-**

(1) अपने गंतव्य को जानें, निर्धारित करने से पहले मार्ग की योजना बनाएं और अतिरिक्त समय हाथ में रखें।
(2) अपने वाहन को अच्छी स्थिति में रखें। सुनिश्चित करें कि सब कुछ काम करने के क्रम में है, विशेष रूप से रोशनी, ब्रेक, विंडस्क्रीन वाइपर।
(3) अपने सामने और साइड के वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और टेल-गेटिंग से बचें।
(4) यदि कोहरे मे दृश्यता 100 मीटर से कम हो जाती है, तो रोशनी चालू करें। गति कम करें, स्पीडोमीटर देखें, अपने हेडलाइट्स को ओवर ड्राइव न करें।
(5) कोहरे और कभी-कभी बारिश के दौरान, सड़क पर फिसलन हो सकती है। फिसलन भरी सड़कों पर सावधान रहें।
(6) अन्य वाहनों से आगे निकलने का प्रयास न करें।
(7) व्यस्त सड़कों के किनारे गाड़ी पार्क ना करे। यदि कोहरा बहुत घना है, तो कहीं सुरक्षित जगह रुक कोहरे के कम होने का इंतजार करना सबसे अच्छा है।
(8) अपनी लेन में ड्राइव करें और धैर्य रखें।
(9) वाहनों पर फोग लाइट अवश्य लगवाए।
(10) वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगवाए।
(11) शराब पीकर वाहन ना चलाए।

# हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कमेटी गठित करके जहरीली शराब कांड की जांच करवाई जाए : लाल बहादुर खोवाल

## एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने नशे के सौदागरों पर लगाम कसने का किया आह्वान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने जहरीली शराब कांड पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की अपेक्षा बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर-अंबाला में जहरीली शराब कांड में कई लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग आंखों की रोशनी खो चुके हैं। इस मामले से सबक लेने की अपेक्षा सरकार व प्रशासन केवल एसआईटी गठित करके खानापूर्ति में जुटा है। इससे पहले भी भाजपा सरकार के दौरान हरियाणा में हुए घोटालों व कांड में एसआईटी गठित करके निष्पक्ष जांच करवाने का दावा किया गया लेकिन आज तक किसी मामले की जांच रिपोर्ट जनता के सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि एसआईटी गठित करके भाजपा हमेशा जनता को भ्रमित करने का काम करती है। इसलिए यमुनानगर-अंबाला के जहरीली शराब कांड के संदर्भ में हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कमेटी बनाकर जांच करवाई जाए ताकि असली दोषियों को सजा दिलवाई जा सके। एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में नशा सरेआम बिक रहा है। नशे की गिरफ्त में आने वाले अधिकतर युवा बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा भी विभिन्न मंचों से हरियाणा में चल रहे नशे के अवैध धंधे को बंद करवाने का आह्वान कर चुकी हैं लेकिन सरकार व प्रशासन इस मामले में आंखें मूंदे बैठा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को समुचित रोजगार दिलवाने में नाकाम रही है।

नौकरियों के नाम पर सरकार ने केवल झूठे वादे किए हैं। सरकार व प्रशासन का दायित्व तो यह बनता है कि वह नशा बेचने वाले असामाजिक तत्वों पर लगाम कसे लेकिन इसके विपरीत सरकार चैन की नींद सो रही है। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी देश व राज्य का भविष्य होते हैं। भाजपा की जनविरोधी नीतियों व लापरवाही का खामियाजा हरियाणा की युवा पीढ़ी भुगत रही है। देखा जाए तो अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा युवाओं को नशे की दलदल में धकेल रही है। यदि युवाओं को समुचित रोजगार या व्यवसाय उपलब्ध करवाए जाएं तो वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे बल्कि नशे जैसी बुरी आदतों से भी दूर रहेंगे। लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि यदि सरकार व प्रशासन सख्त रवैया अपनाए तो अवैध शराब निर्माता व विक्रेता एवं नशे के सौदागरों को आसानी से काबू किया जा सकता है क्योंकि ऐसे अवैध धंधे सरकार से मिलीभगत के बिना संभव ही नहीं हैं। जब किसी क्षेत्र में यह मुद्दा गंभीर हो जाता है तो वहां सरकार कार्रवाई करने का नाटक करके मामले को दबाने में जुट जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ऐसी सोच व नीतियों के कारण हरियाणा की जनता परेशान हो चुकी है। इसलिए जनता अब सरकार बदलने का मन बना चुकी है और आने वाले लोकसभा चुनाव व हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# जे. एन. आर्य गर्ल्स स्कूल में नीमा हिसार और सर्वोदय मल्टी स्पेशलिटी के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य जागरूकता कैंप का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** जे. एन. आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिसार में बाल दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य के निरीक्षण में नीमा हिसार और सर्वोदय मल्टी स्पेशलिटी के संयुक्त तत्वाधान में ग्लेनमार्क कंपनी के सहयोग से खांसी-जुकाम और मौसम में बदलाव व पीसीओएस, पीसीओएस, मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता के लिए कैंप का आयोजन किया गया। प्रोग्राम की शुरुआत डॉ. ललिता वर्मा (नीमा सदस्य और आयुर्वेद चिकित्सक आयुर्वेद विभाग हिसार हरियाणा) डॉ. मनु सिद्धार्थ बल रोग विशेषज्ञ सर्वोदय अस्पताल द्वारा की गई। डॉ. मनु सिद्धार्थ और डॉ साकेत शर्मा (उपाध्यक्ष नीमा हिसार) ने खांसी-जुकाम और मौसम में बदलाव और रोगो से बचाव के बारे और डा. ललिता वर्मा ने पीसीओएस पीसीओएस के बारे में लड़कियों को बहुत ही सरल ढंग से सम्पूर्ण जानकारी दी। डॉ. सुनीता यादव और डॉ. सरिता पचार ने मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बताया तथा बच्चों को सम्पूर्ण जानकारी बहुत ही सरल ढंग से दी। इस कार्यक्रम का समापन में डा. सुनील सैनी सचिव नीमा, डा. साकेत शर्मा (उपाध्यक्ष) एवं डॉ. अश्विनी खेतान (कोषाध्यक्ष), के द्वारा प्रिंसिपल और शिक्षकगण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया और बच्चों को बाल दिवस पर उपहार दिया। इस कार्यक्रम में है डॉ. बलजिंदर कौर, डॉ. अनु कादियान भी मौजूद रहीं।

# बजरंग आश्रम हांसी में श्रद्धा भाव से मनाया गया शहीद करतार सिंह सराभा का 127वां शहीदी दिवस



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 16 नवम्बर :** शहीद भगत सिंह संगठन समिति हांसी के प्रधान सरदार कृष्ण सिंह इलावादी की अध्यक्षता में बजरंग आश्रम हांसी में शहीद करतार सिंह सराभा का 127वां शहीदी दिवस श्रद्धा भाव से मनाया, समिति के साभी साथियों ने प्रतिमा पर श्रद्धा के फूल अर्पित किए तथा ज्योत प्रज्वलित की, मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट पूर्ण चन्द पुनियानी हिसार से पहुंचे। प्रधान सरदार इलावादी ने कहा कि सबसे छोटी उम्र में आज के दिन 16 नवम्बर को लाहौर में करतार सिंह सराभा जी को फांसी दी गई थी, हालांकि करतार सिंही सराभा जी बहुत ही सम्पन्न परिवार से सम्बन्ध रखते थे, जमीन जायदाद की कोई कमी नही थी लेकिन देशभक्ति का जज्बा इतना जो उन्हें फांसी के फंदे तक ले गया। देशभक्ति की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी हुई थी। किशोरी नागपाल ने आगे कहा कि उनके पिता का स्वर्गवास छोटी उम्र में ही हो गया था। दादा बदन सिंह ने उनको पाला पोसा और जिस समय करतार सिंह सराभा जी को फांसी दी गई उस समय उनके दादा ने कहा था कि आपके अकेले फांसी चढ़ने से देश आजाद हो जाएगा। उन्होंने कहा था कि मेरे बाद नौजवानों में देशभक्ति की ऐसी क्रान्ति आएगी और देश के लिए मर मिटने का जनून पैदा हो जायेगा और एक दिन देश आजाद हो कर रहेगा। एडवोकेट पूर्ण चन्द ने कहा कि उम्र इतनी छोटी और जज्बा देश को आजाद कराने का था। रामसरूप खट्टर ने कहा कि शहीदो की जीवनी विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में होनी चाहिए ताकि बच्चें उनसे प्रेरणा ले सके और देशभक्ति की भावना पैदा हो। इस अवसर पर ओ.पी. मुंजाल, तुलसी आर्य, डॉ. नन्द किशोर, डॉ. सुदर्शन सचदेवा, रामसरूप खट्टर, कमल शास्त्री, फतेह सिंह गुर्जर, किशोरी नागपाल, कर्ण सिंह राठौड, एडवोकेट पूर्णचन्द, जगन्नाथ चौपड़ा, देशराज बजाज, हेमराज मुंजाल, संजय मुंजाल, सन्नी नायक, दीपांशु, आदि उपस्थित थे।

# निशुल्क लाइब्रेरी स्थापित करके बच्चों को प्रदान किया पढ़ाई का अवसर

## जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने कई विद्यालयों में सेवार्थ भाव से स्थापित करवाई लाइब्रेरी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** हर वर्ग व हर क्षेत्र के विद्यार्थियों को पढ़ाई से जोड़ने के उद्देश्य से जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर द्वारा सुशीला भवन के पास स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निशुल्क लाइब्रेरी स्थापित करवाई गई। जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने लाइब्रेरी के लिए मेज, कुर्सी, अल्मारियां व मैट आदि उपलब्ध करवाए। इतना ही नहीं उचित लाइटिंग व्यवस्था में भी विशेष योगदान दिया। जैन महावीर चैरिटेबल स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन ने बताया कि जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के समुचित साधन उपलब्ध करवाना है। इसी योजना के तहत सुशीला भवन के पास स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लाइब्रेरी स्थापित की गई है। इस लाइब्रेरी में स्कूल के विद्यार्थी उन्मुक्त रूप से पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसी भांति पटेल नगर, आजाद नगर, कैमरी व हिजरावा खुर्द के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लाइब्रेरी की निशुल्क स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में ऐसे सभी साधन अध्यक्ष बिमल प्रशाद जैन द्वारा नई दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के तत्वावधान में उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि बालसमंद रोड पर रावलवासिया धर्मशाला व मलिक चौक रेलवे फाटक के नजदीक जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर में जरूरतमंद विद्यार्थियों को अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा फ्री पढ़ाया जाता है। इस सेंटर के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों को आवश्यकतानुसार मूलभूत सुविधाएं भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें पढ़ाई से जोड़ने के लिए बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# प्रियंका गांधी के 'छोटे कद' वाले बयान पर सिंधिया का पलटवार, बताया पार्ट टाइम नेता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 16 नवम्बर :** चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन उस समय कड़वाहट आ गई जब कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने पूर्व सहयोगी और अब भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी की। मध्य प्रदेश के दतिया में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, वाड्रा ने कहा कि सिंधिया 'कद में छोटे हैं, लेकिन अहंकार में बहुत अधिक हैं।' उन्होंने केंद्रीय मंत्री को गद्दार भी करार दिया। प्रियंका ने कहा कि उनके सभी नेता थोड़े अजीब हैं। सबसे पहले, हमारे सिंधिया...मैंने उनके साथ यूपी (उत्तर प्रदेश) में काम किया है। दरअसल, उनका कद थोड़ा छोटा है लेकिन अहंकार में 'वाह भई वाह'...जो भी कार्यकर्ता उनके पास जाता था, वह कहता था कि हमें उन्हें महाराज कहना है और अगर हम ऐसा नहीं कहेंगे तो हमारी समस्याओं का समाधान नहीं होगा. उन्होंने अपने परिवार की परंपरा का बखूबी पालन किया। बहुतों ने धोखा दिया है लेकिन उन्होंने ग्वालियर और चंबा की जनता के साथ धोखा किया है। पलटवार में सिंधिया ने प्रियंका गांधी को पार्ट-टाइम नेत्री बताया। उन्होंन कहा कि क़ाबिलियत को क़द से तोलने वाले अहंकार का पाठ पढ़ाने से पहले, कृपया स्वयं आईने में झांक लें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों और वादाख़िलाफ़ियों के शासन को बार बार सिंधिया परिवार ने बदला है, और पुनः आपका सूपड़ा साफ़ मध्यप्रदेश से जनता करने जा रही है। उन्होंने कहा कि अपने भाषण के दौरान ग्वालियर चंबल को 'ग्वालियर चंबा' कहने वालीं प्रियंका गांधी को मेरे परिवार पर आक्रमण करने के लिए भी एक पर्चे पर लिखी लाइनों की आवश्यकता पड़ी। उनकी सोच और ग्वालियर चंबल को लेकर समझ कितनी है, इसका अंदाज़ा भी लग गया। ग्वालियर-चंबल की मेरी जनता से अनुरोध है कि इस अपमान और निम्न स्तर के भाषण का उत्तर ज़रूर 17 नवंबर को अपना मतदान करके दें, और कांग्रेस पार्टी को सबक़ सिखाएं। सिंधिया ने कहा कि इन दो परंपराओं के फ़र्क़ को समझने की उनमें क्षमता हो, इसकी आशा मैं नहीं करता - किस परिवार के सपूतों ने अफ़ग़ानों से लेकर मुग़लों और अंग्रेजों तक से भारत माता की रक्षा हेतु अपनी जान की क़ुर्बानी दी थी, और किसने चीन से भारत की रक्षा करना तो दूर, उन्हें भारतीय ज़मीन ही भेंट के रूप में दे दी थी ? किस परिवार की दूसरी पीढ़ी ने सत्ता के लोभ में इमरजेंसी लगायी थी? और आज भी किस परिवार की वर्तमान पीढ़ी स्वयं विदेशी मंचों पर जाकर देश को बदनाम कर रही है? मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

**Name Change**

I, Pardeep Kumar S/o Shyam Bihari R/o H. No. 47/1, Shyam Niwas, Ward No. 4, Mohalla Kayasthan, Near Gandhi Chowk, Hisar, Haryana, 125001 declare that I have changed my name from Pardeep Kumar to PARDEEP SINGHAL for all future purpose.
- Deponent

# हरियाणा सरकार की दृष्टि में जूनियर आईएएस और एचसीएस एक समान

## 2020 बैच के 6 आईएएस और 15 एचसीएस सभी एसडीएम पद पर तैनात

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 16 नवम्बर :** ऐसा पढ़ने और सुनने में भले ही आश्चर्यजनक और रोचक प्रतीत हो परंतु सत्य यही है कि वर्तमान में हरियाणा सरकार की दृष्टि में जूनियर आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) और जूनियर एचसीएस -ईबी (हरियाणा सिविल सेवा -कार्यकारी शाखा) अधिकारियों एक समान ही है। हालांकि वास्तव में आईएएस, जो एक आल-इंडिया सर्विस (अखिल भारतीय सेवा) है का दर्जा निश्चित तौर पर एचसीएस, जो हरियाणा प्रदेश की सिविल (प्रशासनिक) सेवा है, से ऊपर होता है।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि हाल ही में 12 नवम्बर 2023 को अर्थात गत रविवार दिवाली के ही दिन प्रदेश सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा जारी एक आदेश मार्फ़त 2020 बैच के जूनियर आईएएस अधिकारी राहुल मोदी, जिनका अढ़ाई माह पूर्व ही त्रिपुरा आईएएस कैडर से हरियाणा कैडर में ट्रांसफर हुआ, उन्हें बहादुरगढ़ में बतौर एस.डी.ओ. (सिविल) अर्थात एस.डी.एम. (उपमंडलाधीश) पद पर तैनात किया गया।

रोचक बात यह है कि उसी आदेश द्वारा ही 2020 बैच के एक जूनियर एच.सी.एस.- ईबी अधिकारी चंद्रकांत कटारिया को रादौर में बतौर एस.डी.एम. तैनात किया गया. सनद रहे कि चंद्रकांत अम्बाला लोकसभा हलके से भाजपा के पूर्व सांसद, रतन लाल कटारिया, जिनका छः माह पूर्व 18 मई 2023 को निधन हो गया था, के सुपुत्र है। अब एक सामान अर्थात एस.डी.एम. के पद पर 2020 बैच के एक जूनियर आईएएस अधिकारी और 2020 बैच के एक जूनियर एच.सी.एस. अधिकारी की तैनाती पर प्रशासनिक प्रश्न उठना स्वाभाविक है।

बहरहाल, हेमंत ने आगे बताया कि मौजूदा तौर पर राहुल मोदी के अतिरिक्त 2020 बैच के 5 अन्य जूनियर आईएएस अधिकारी और चंद्रकांत के अलावा 2020 बैच के 14 अन्य जूनियर एचसीएस- ईबी अधिकारी सभी एक समान अर्थात एसडीएम (उपमंडलाधीश) के पदो पर ही तैनात हैं। वर्तमान में प्रदेश में राहुल मोदी के अलावा 2020 बैच के 5 अन्य जूनियर आईएएस अधिकारी- प्रदीप सिंह (दक्षिण गुरुग्राम), दीपक बाबूलाल करवा (भिवानी), पंकज (जींद), सी.जयाशर्धा (नारायणगढ) और हर्षित कुमार (महेंद्रगढ़) एस.डी.एम. पद पर तैनात हैं।

वहीं चद्रकांत के अलावा 2020 बैच के ही 15 जूनियर एच.सी.एस. अधिकारी - मोहित कुमार (हांसी), अमित कुमार-2 (सोनीपत), जय प्रकाश (कोसली), रविंदर मलिक (बेरी), प्रतीक हुड्डा (टोहाना), पुलकित मल्होत्रा (शाहाबाद), अमित मान (बडकल ), अभय सिंह जांगड़ा (डबवाली), अमित (समालखा), अमित कुमार-3 (लोहारू), नसीब कुमार (लाडवा), गुलज़ार मलिक (उचाना), अनमोल (खरखोदा) और देवेन्द्र शर्मा (कलायत) भी एस.डी.एम. पद पर तैनात हैं। हालांकि मौजूदा लागू एच.सी.एस. कैडर आदेशानुसार उक्त सभी 15 एच.सी.एस.-ईबी अधिकारी जनवरी, 2025 के बाद ही बतौर एस.डी.एम. तैनात हो सकते हैं जब उनकी एच.सी.एस. में न्यूनतम पांच वर्ष की सेवा पूरी होगी।

हेमंत ने बताया कि हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रदेश में आईएएस और एचसीएस-ईबी अधिकारियों की तैनाती-तबादले करने की शक्ति राज्य सरकार (मुख्यमंत्री) में निहित होती है एवं ऐसा करना उनका विवेकाधिकार है परन्तु ऐसा करते समय कुछ प्रशासनिक सिद्धांतों की अनुपालना आवश्यक होती है ताकि तैनाती-तबादलों पर किसी प्रकार का कोई प्रश्न चिन्ह उत्पन्न न हो जैसे किसी जूनियर आईएएस अधिकारी और जूनियर एच.सी.एस. अधिकारियों को एक समान पद पर तैनात न कर दिया जाए।

हरियाणा में मौजूदा तौर पर 74 उपमंडल है। गत वर्ष 6 सितम्बर 2022 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ट्वीट कर प्रदेश में 8 नए उपमंडल- बवानीखेड़ा, मानेसर, जुलाना, नीलोखेड़ी, नांगल चौधरी, इसराना, कलानौर और छछरौली बनने की घोषणा की थी। इसी वर्ष मई, 2023 में हरियाणा कैबिनेट की बैठक में उपरोक्त में से 6 (बवानीखेड़ा और कलानौर को छोड़कर) को उपमंडल के तौर पर स्वीकृति प्रदान कर दी गई हालांकि आज 6 महीने बाद भी इस सम्बन्ध में विधिवत नोटिफिकेशन जारी होनी लंबित है।

हेमंत ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व अक्टूबर, 2020 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्य सचिव विजय वर्धन द्वारा एचसीएस कैडर संख्या निर्धारण आदेश, जो आज तक लागू है, में स्पष्ट तौर एस.डी.ओ. (सिविल) अर्थात उप-मंडल अधिकारी (नागरिक) जिसे एस.डी.एम. कहते हैं के पदों को सीनियर स्केल और सिलेक्शन ग्रेड अर्थात 5 वर्ष से 15 वर्ष तक की एचसीएस सेवा वाले अधिकारियों के लिए दर्शाया गया था। बहरहाल, उपरोक्त लागू आदेश के बावजूद अब मौजूदा तौर पर प्रदेश सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम की एचसीएस सेवा वाले अधिकारियों को एस.डी.एम. पद पर तैनात किया जा रहा है। वर्तमान में 2020 बैच के उपरोक्त 15 जूनियर एच.सी.एस. अधिकारियों के अतिरिक्त 2019 बैच के 25 अन्य जूनियर एच.सी.एस. अर्थात पांच वर्ष से कम एच.सी.एस. सेवा वाले अधिकारी ही बतौर एस.डी.एम. पद पर तैनात हैं। इनमें 2019 बैच रजिस्टर ए-1 (अर्थात तहसीलदार/डी.आर.ओ.) से एच.सी.एस. में प्रोमोट हुए 7 अधिकारी - सुभाष चन्द्र (सांपला), अनिल कुमार दून (नरवाना), राजेंद्र कुमार (सिरसा), जगदीश चन्द्र (रतिया), दर्शन कुमार (अम्बाला शहर), संजीव कुमार (तावरू), राजेश कुमार (फतेहाबाद ), 2019 बैच रजिस्टर ए-2 (अर्थात प्रदेश सरकार से ग्रुप सी कर्मचारियों) से एच.सी.एस. में चयनित हुए 13 अधिकारी -मनोज कुमार -1 (नारनौल), मनोज कुमार -2 (तोशाम), विजया मलिक (बरवाला), वरिंदर सिंह दुल (असंध), लक्ष्मी नारायण (हथिन), सुरेश कुमार (बाडरा), जसपाल सिंह (बिलासपुर), नवीन कुमार (चरखी दादरी), सुरिंदर सिंह (कनीना), कृष्ण कुमार (गुहला), रणबीर सिंह (होडल), होश्यार सिंह (रेवाड़ी) और अशोक कुमार (इंद्री) और 2019 बैच रजिस्टर सी (अर्थात डीडीपीओ/बीडीपीओ) से एच.सी.एस. में प्रोमोट हुए 5 अधिकारी- सुरेश रवेश (कालांवाली), विशाल (झज्जर), कपिल कुमार (कैथल), जितेन्द्र सिंह (बावल) और अनुभव मेहता (करनाल) शामिल हैं।

हेमंत ने आगे बताया कि जहां तक नव-नियुक्त आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारियों का विषय है, तो मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी से प्रथम चरण की ट्रेनिंग पूरी कर जब वह उन्हें आबंटित प्रदेश कैडर में आते हैं, तो उन्हें सर्वप्रथम जिले में असिस्टेंट कमिश्नर (अंडर ट्रेनिंग) अर्थात सहायक आयुक्त (प्रशिक्षण पर) तैनात किया जाता है जिसके बाद उन्हें जूनियर स्केल तक अर्थात आईएएस सेवा के प्रथम चार वर्षो तक एस,डी.एम. पद पर ही तैनात किया जाता है। अब हरियाणा में मौजूदा व्यवस्था अनुसार न केवल आईएएस अधिकारी अपने सेवा के आरंभिक 4 वर्षो तक बल्कि प्रदेश सिविल सेवा के अर्थात एचसीएस अधिकारी भी सेवा के प्रथम 4 वर्षों में एस.डी.एम. पद पर तैनात हो रहे हैं।

## शिक्षा के नाम पर गरीबों को बहकाने की स्कीम 'चिराग' : कुमारी सैलजा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 16 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन पूरी तरह गरीब विरोधी है। गरीब परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाने के नाम पर चलाई जा रही चिराग स्कीम सिर्फ इन्हें बहकाने के लिए है, न कि इनके बच्चों के कल्याण के लिए। चिराग स्कीम का फायदा निजी स्कूलों को हो, यही गठबंधन सरकार का मकसद है। इस स्कीम के तहत अब जो छात्र 10वीं व 12वीं कक्षा में दाखिला लेंगे, उनके सामने बोर्ड की परीक्षा देने का संकट खड़ा होने का अंदेशा बन गया है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि 01 अप्रैल से शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद 08 महीने बीतने पर चिराग योजना में दाखिले के लिए आवेदन लेना किसी भी सूरत में तर्कसंगत नहीं है। जो छात्र अब निजी स्कूलों में चले जाएंगे, वे सत्र के आखिरी महीनों के दौरान किसी भी तरीके से न तो वहां के माहौल में ढल पाएंगे और न ही अपने सिलेबस को पूरा कर पाएंगे। इनके लिए सरकारी स्कूल में कराए गए पाठ्यक्रम और निजी स्कूल में चल रहे पाठ्यक्रम के बीच सामंजस्य बैठाना मुश्किल हो जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निजी स्कूलों में दाखिले के लिए 24 नवंबर तक आवेदन गरीब परिवारों के बच्चों से मांगे गए हैं, जबकि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा के लिए बोर्ड में फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि 21 नवंबर तय की हुई है। ऐसे में 24 नवंबर तक दाखिले के आवेदन जमा होने पर दाखिला प्रक्रिया में दिसंबर का आधा महीने बीतने की पूरी संभावना है।

## हिमालय परिवार ने जिला उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** हिमालय परिवार हिसार की टीम ने अध्यक्ष कुनाल जीत सिंह और महामंत्री डॉ मोनिका के नेतृत्व मे गुरूवार को जिला उपायुक्त उत्तम सिंह को संकल्प स्मरण दिवस का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि वे केंद्र सरकार तक हिमालय परिवार की बात, चीन अधिकृत लेह लद्दाख के क्षेत्र का एक लाख पैंतीस हजार वर्ग किलोमीटर को वापस भारत में मिलाने के प्रयास को तेज करे एवं सर्वसम्मति से पारित 14 नवंबर 1962 के प्रस्ताव के अन्य मुद्दों पर भी गौर करे। विदित रहे कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ इंद्रेश कुमार के संरक्षण में चलाया जा रहा हिमालय परिवार सामाजिक जनजागरण में लगा एक राष्ट्रीय संगठन है। यह संगठन हिमालय क्षेत्र में भारत की एकरूपता अखंडता को बनाए रखने में अपने सम्पूर्ण राष्ट्र की इकाइयों से निरंतर प्रयासरत है। इस मुलाकात में हिमालय परिवार हिसार के जिला अध्यक्ष प्रदीप, जिला महामंत्री गजबीर, हिमालय परिवार हरियाणा के मीडिया प्रभारी दीपक, सदस्य संजय, मुकेश सोनी, तुषार व हिमांशु सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**Best Wishes to all Citizens**





Anil Dhawan
CA

Mohit Kukreja
CA

## भाविप शाखा हांसी ने पुराने धार्मिक कैलेंडर और देवी-देवताओं की मूर्तियों का हिन्दू रीति-रिवाज से किया विजर्सन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 16 नवम्बर :** गत दिवस भारत विकास परिषद् शाखा हांसी द्वारा पुराने धार्मिक कैलेंडर और देवी-देवताओं की मूर्तियों का विसर्जन हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार नई काठ मंडी रोड, स्वर्ग आश्रम में हवन करके किया गया। कार्यक्रम के संयोजक रमेश गुप्ता ने बताया कि हमें पुराने व धार्मिक कैलेंडर और मूर्तियाँ इधर-उधर नही फेंकने चाहिए और उन्होंने यह भी बताया कि भारत विकास परिषद् दिवाली के बाद प्रतिवर्ष मूर्ति विसर्जन का कार्य करती हैं। भारत विकास परिषद् शाखा द्वारा पुराने धार्मिक कैलेंडर और देवी-देवताओं की मूर्तियों के विसर्जन के लिए ड्रम रखवाएं गये ताकि उनका सही तरीके से विसर्जन हो सके। प्रांतीय अध्यक्ष कमलेश गर्ग ने बताया कि मूर्तियों का विसर्जन मंत्रोचारण द्वारा करना हमारे देवताओं और पूर्वजों का सम्मान व पूजा हैं। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष कश्मीरी लाल मनचंदा, सचिव श्रीचंद आहूजा, प्रवीण सहारा, भरत सिंह, सुभाष गर्ग, पवन गोयल एडवोकेट, मदन सिंह, राम अवतार सिंह, नरेंद्र वर्मा, सतबीर कौशिक, सुभाष कटारिया, दयानंद महता आदि उपस्थित थे।

## दि हिसार बिल्डर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का किया गठन, कुलदीप जांगड़ा प्रधान व जसवंत धीमान उपप्रधान चुने गए

### एसोसिएशन ने हवन यज्ञ कर लगाया भंडारा





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** आईटीआई चौक, हिसार स्थित विश्वकर्मा मंदिर में दि हिसार बिल्डर्स एसोसिएशन द्वारा भगवान विश्वकर्मा दिवस पर पर हवन-यज्ञ किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारा लगाया गया। भंडारे में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों व अनेक ठेकेदारों ने भाग लिया। इस अवसर पर सर्व सम्मति से एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में कुलदीप जांगड़ा लाडवा के प्रधान, जसवंत धीमान को उपप्रधान, कृष्ण पाबड़ा को महासचिव, बजरंग जांगड़ा को सह सचिव, राकेश जांगड़ा को मीडिया प्रभारी, औमप्रकाश जांगड़ा को कैशियर, भागचंद जांगड़ा व गुलाब सिंह धीमान को सलाहकर चुना गया। इसके अलावा कपिल सोनी, सुभाष जांगड़ा, कृष्ण जांगड़ा, इंदर जांगड़ा, राजवीर धीमान व वजीर ठेकेदार को सदस्य चुना गया। नव नियुक्त कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने ठेकेदारों व मजदूरों की सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत्त रहने का संकल्प लिया।

**MAHALAKSHMI PROPERTIES**



DEAL IN ALL KIND OF PROPERTIES

सेक्टर 9-11, 1-4, 3-5, 16-17, दिल्ली रोड व तारानगर, साउथ सिटी में प्लाट, मकान, दुकान, फ्लैट, खरीदने व बेचने के लिए संपर्क करें।

ANKUR BANSAL

+91-98960-15770, 70153-83591

Shop No. 4F, Sector 9&11 Hisar 125001

Host your functions in
**Largest Airconditioned Banquet of Haryana**
(12000 sq.ft.)

**Midtown GRAND**

BANQUETS ✦ CONFERENCES ✦ ROOMS



Contact : Vikas Aggarwal 98960-85200
Reception : 98960-06900, 99960-04411

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी
98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

## अणुव्रत ज्योति संस्था हिसार ने मनाया आचार्य तुलसी का 110वां जन्म दिन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** अणुव्रत ज्योति संस्था हिसार ने आज आचार्य तुलसी जी का 110वां जन्म दिन मनाया। संस्था के मॉडल स्थित निःशुल्क शिक्षा केंद्र में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को आचार्य तुलसी के जीवन वृतान्त पर विस्तार से बतलाया गया। शिक्षा, प्रभारी संगीता जैन ने बतलाया कि आचार्य तुलसी ने छोटी उम्र में दीक्षा ली थी। आचार्य तुलसी जैन श्वेतांबर के नौवें आचार्य थे। विशेषतौर से आचार्य तुलसी अणुव्रत के बारे में समूचे विश्व को एक ज्ञान की लौ प्रदान की। उन्होंने केवल जैन धर्म का विस्तार नहीं किया अपितु समूचे समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने नारी शिक्षा पर विशेष बल दिया एवं सही अर्थों में नारी सशक्तिकरण को एक मजबूत आधार प्रदान किया। उनकी की शिक्षाएं अनंत हैं। श्री सत्यपाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने अणुव्रत के बारे में विचार रखते हुए बतलाया कि अणुव्रत ही केवल और केवल समाज को सही दिशा प्रदान कर सकता है। इस अवसर पर सत्यपाल शर्मा, संगीता जैन, कंचन भुटानी, आरूषी और गरिमा व अमन आदि उपस्थित थे।

## आजाद नगर धरना पर पहुंचे दिलबाग हुड्डा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 नवम्बर :** आज आजाद नगर धरना पर भा.कि.यू अ. के प्रदेशाध्यक्ष दिलबाग हुड्डा लुदास पहुंचे। उन्होंने कहा कि हास्पिटल निर्माण बारे धरना 225वें दिन में प्रवेश कर गया है, अगर जल्द ही इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो जिसका खामियाजा सरकार को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ सकता है।

**रस्म उठाला**



आपको बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया **प्रो. कृष्णा कुमारी महाजन** (Ex-HOD Physiology, PGIMS Rohtak HIHT Jolly Grant) अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 14 नवंबर 2023 मंगलवार को प्रभु चरणों में विलीन हो गयी हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म उठाला दिनांक 17 नवंबर 2023, दिन शुक्रवार** दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे तक **महाराजा अग्रसेन भवन, हिसार** पर होगा।

**शोकाकुल परिवार**

प्रो. डॉ. एस.के. महाजन (पति)
डॉ. अजय महाजन - डॉ. अनीषा महाजन (पुत्र-पुत्रवधु)
डॉ. वनीता महाजन - प्रो. राजीव महाजन (पुत्री-दामाद)
अपूर्वा - अभिषेक
शुभांगी - अंकित
डॉ. रमित महाजन
देवांशी, चिराग

समस्त स्टॉफ
सत्यम फैमिली केयर होस्पिटल
लाईफ केयर लैब्स